चौधरी प्रकाशन संस्थान का तृतीय पुष्प

शतकचूर्णि व्याख्या

(आचार्यवर्य शिवशर्मा द्वारा विरचित)

सम्पादक एवं हिन्दी टीकाकार

सिद्धसागर जी महाराज

प्रस्तावना

डा० कस्तूरचंद कासलीवाल

एम. ए., पी-एच. डी., शास्त्री

गम्भीरमल चौधरी

अध्यक्ष

चौधरी प्रकाशन संस्थान

भोजमाबाद (जयपुर, राजस्थान)

प्राप्ति स्थान :

सम्भीरमल चौधरी

चौधरी प्रकाशन संस्थान

मोजमाबाद, (जयपुर)

प्रथम आवृत्ति

५००

वीर परिनिर्वाण सं० २५००

१३ नवम्बर, १९७४

मूल्य ३) रुपये

मुद्रक :

मनोज प्रिन्टर्स

मोदीकों का रास्ता, किशनपोल बाजार,

जयपुर–३ (राज०)

विषय-सूची

प्रकाशकीय

चौधरी प्रकाशन संस्थान की ओर से 'शतक चूर्णि' के रूप में पाठकों के हाथों में दूसरा पुष्प देते हुए हमें अत्यधिक प्रसन्नता है। इसके पूर्व 'सन्मतिसूत्र' का प्रकाशन किया जा चुका है। यह सब पूज्य क्षुल्लक सिद्धसागर जी महाराज की असीम कृपा एवं आशीर्वाद का फल है। जब से क्षु. सिद्धसागर जी महाराज मोजमाबाद पधारे हैं तब ही से साहित्य प्रकाशन की दिशा में कुछ न कुछ कार्य हो रहा है। महाराज श्री स्वयं ज्ञान ध्यान तपोरक्त तपस्वी हैं एवं दिन रात सबसे अधिक समय अध्ययन की ओर लगाते हैं। नवयुवकों में धार्मिक जाग्रति की ओर आपका विशेष लक्ष्य रहता है और इस दिशा में आपको अत्यधिक सफलता भी मिली है। मोजमाबाद क्षेत्र के युवकों में आपके प्रति गहरी श्रद्धा है।

मोजमाबाद प्राचीनकाल से ही जैन धर्म का केन्द्र रहा है और आज भी ढूंढ क्षेत्र का यह प्रमुख नगर है। इस सम्बन्ध में डा. कासलीवाल समय-समय पर हम लोगों को बताते रहे हैं और प्रस्तुत पुस्तक में भी मोजमाबाद पर उन्होंने एक छोटा सा परिचय लिखने की कृपा की है। प्रस्तुत पुस्तक का प्रकाशन उन्हीं की देखरेख में हुआ है। आपने इस पुस्तक की प्रस्तावना लिखने का भी कष्ट किया है। इसके लिए हम उनके पूर्ण आभारी हैं। चौधरी प्रकाशन संस्थान की स्थापना में महाराज श्री का आशीर्वाद एवं डा. कासलीवाल सा. की प्रेरणा का ही प्रमुख योगदान रहा है। आशा है कि आप दोनों का भविष्य में भी इसी तरह सहयोग मिलता रहेगा।

चौधरी प्रकाशन संस्थान का उद्देश्य छोटे-छोटे पुष्पों द्वारा जन साधारण में स्वाध्याय की प्रवृत्ति को जाग्रत करना है। इसलिए उसके द्वारा धार्मिक, सांस्कृतिक एवं ऐतिहासिक सभी विषयों पर आध्यात्मिक पुस्तकों का प्रकाशन होगा। हमारा तीसरा पुष्प "मोजमाबाद-राजस्थान का ऐतिहासिक व सांस्कृतिक नगर" इस नाम से होगा। मेरा सभी पाठकों व स्वाध्याय प्रेमियों से अनुरोध है कि हमारे प्रकाशनों को मन्दिरों के शास्त्र भण्डारों के लिए खरीदकर इनके प्रचार व प्रसार में सहायक बनें। जितनी अधिक संख्या में इन प्रकाशनों का स्वाध्याय होगा उतना ही हम अपने प्रयास को सफल समझेंगे।

मोजमाबाद
१३ नवम्बर, ७४

गम्भीरमल चौधरी

सम्पादकीय

शतकचूर्णि आदिक ग्रन्थ तत्त्वार्थसूत्र की भांति अन्यत्र भी कुछ परिवर्तन के साथ अपना लिए गए हैं दिगम्बर ग्रन्थों की प्राकृत चूर्णियों का अनुसरण उन लोगों में पाया जाता है किन्तु वे परिवर्तन पूर्वक अपनाई गई हैं। तुलनात्मक अध्ययन से यह स्पष्ट ही है। कीर्तिधर विमल के पउमचरिय में ऋषभादिक के चातुर्मास का उल्लेख नहीं है तथा वह श्वेताम्बर मान्यता के विरुद्ध है तथा वह श्वेताम्बरों के आगमो में से पूर्व में रचा जा चुका था। विक्रम की प्रथम शती में पउम चरिय रचा गया था। किन्तु शतकचूर्णि आदिक की रचना यतिवृषी के पश्चात् हुई है। इन चूर्णियों की रचनादिक के विषय में विद्वानों का मतभेद है। शतक, सत्तरी, बृहद कम्मपयडि आदिक ग्रन्थ दिगम्बरों में भी हैं जिनका कुछ परिवर्तन के साथ श्वेताम्बरों ने भी अनुसरण किया है। मूल ग्रन्थों के विषय में भी मतभेद है। प. हीरालाल शास्त्री आदि उन्हें बहुत प्राचीन दिगम्बर आगम मानते हैं। तथा कुछ विद्वान् उनके परिवर्तित रूपों को देखकर उन्हें सातवीं आठवीं शती तक का भी मानते हैं। इसमें शक नहीं कि श्री हेमचंद्रादिक के द्वारा जो परिवर्तन के साथ इनका अनुसरण संस्कृत में किया गया है वह बारहवीं शती के लगभग का है। शतक चूर्णि आदिक की प्रतियाँ पं. माणिकचन्द जी गदिया केकड़ी ब्यावर के रानीवाले श्रेष्ठी के पास से लाये थे। तथा ये चूर्णियाँ श्वेताम्बरों की चूर्णियों से भिन्न हैं। वर्णन शैली गंगा के प्रवाह के समान है तथा श्रुतसागर को तैरने के लिये या पार करने के लिए ये तरी (दृढ नौका) के समान

हैं। इनके पढ़ने से बंधादिक के विषय में कर्म प्रकृति संबंधी ज्ञान परिमार्जित हो जाता है। डा. कस्तूरचंद कासलीवाल ने जो इसकी प्रस्तावना संपादन तथा प्रूफ संशोधन के विषय में सत् प्रयत्न किया है प्रशंसनीय है। इनके प्रकाशन में गम्भीरमल चौधरी मोजमाबाद के द्वारा अर्थव्यय करके साहित्य सेवा संबंधी महान् कार्य किया है। इनके अनुवाद के समय अर्थ को मूलानुगामी बनाये रखने के लिए ध्यान रखा गया है। इनकी टीकाओं का अवलोकन लादूलाल एम. ए. बी./टी. के द्वारा भी हो चुका है। यदि छपने के समय कहीं अनुवाद छूट गया हो तो मूल को देखकर सुधार लेवें।

—क्षु. सिद्धसागर नरावता

वीरनिर्वाण सं० २५००.

मोजमाबाद

शाकम्भरी प्रदेश के प्राचीन नगरों में मोजमाबाद का नाम विशेषतः उल्लेखनीय है। इस नगर की स्थापना कब हुई और इसका नाम मोजमाबाद क्यों पड़ा इसकी अभी खोज होना शेष है। लेकिन नरायणा के समीप ही होने के कारण यह नगर भी १२वीं शताब्दी के पूर्व ही अस्तित्व में आ गया था। १६वीं शताब्दी के आरम्भ में मोजमाबाद के मैदान में आमेर के राजा रतनसिंह एवं उसके भाई राजकुमार सांगा में जमकर लड़ाई हुई और अन्त में विजयश्री राजकुमार साँगा के हाथ लगी। इसी राजकुमार साँगा ने अपने नाम से सांगानेर को नया रूप दिया और उसे फलते फूलते नगर के रूप में परिवर्तित किया। विक्रम की १६वीं शताब्दी में मोजमाबाद नगर का वैभव अपनी चरम सीमा पर था। मुगल बादशाह एवं जयपुर के शासक दोनों ही इस नगर से आकृष्ट थे। एक जनश्रुति के अनुसार जयपुर के महाराजा मानसिंह प्रथम का बाल्यकाल का कुछ समय यहीं पर व्यतीत हुआ था और उनकी माताजी का देहान्त भी इसी नगर में हुआ था। जिनकी स्मृति में यहाँ छत्रियाँ बनी हुई हैं। जो रानीजी की छत्री के नाम से आज भी प्रसिद्ध हैं।

संवत् १७९३ चैत्र बुदी २ के दिन मोजमाबाद क्षेत्र में स्थित घमाणा गाँव में जोधपुर के महाराजा अभैसिंह जी पधारे थे जिनके स्वागतार्थ जयपुर के महाराजा सवाई जयसिंह स्वयं उपस्थित थे। वे उस गाँव में आठ दिन रहे तथा विभिन्न राजनैतिक समस्याओं पर विचार-विमर्श किया और दोनों नरेश वहाँ से अपसों अपनी राजधानियों को वापिस गये।

साहित्य एवं कला की दृष्टि से मोजमाबाद की अपनी विशेषता है। इस नगर ने कवियों को जन्म दिया। यह पाण्डुलिपियाँ लिखने वालों का केन्द्र

बना, इसने मन्दिर निर्माण की कला को राजस्थान भर में जागृत किया। हजारों मूर्तियों की प्रतिष्ठापना करके अपना एक नया कीर्तिमान स्थापित किया तथा सैकड़ों ग्रन्थों को सुरक्षित रखकर भारतीय साहित्य को नष्ट होने से बचाया। जिस प्रकार भोपाल के तालाब प्रसिद्ध हैं उसी प्रकार यह नगर भूमिगत मन्दिरों अर्थात् भौंहरों के लिए प्रसिद्ध हैं। इन भूमिगत मन्दिरों में प्रवेश करते ही अपूर्व शान्ति का अनुभव होने लगता है।

जयपुर और अजमेर के मध्य में स्थित यह नगर एक समय साहित्य निर्माण एवं उसके प्रचार का राजस्थान में प्रमुख केन्द्र रहा। विक्रम संवत् १६६० में यहाँ हिन्दी के जैन कवि छीतर ठोलिया हुए जिन्होंने इसी नगर में रहते हुए होलिका चौपाई को छन्दोबद्ध किया। उस समय यह नगर आमेर के महाराजा मानसिंह प्रथम के शासन में था। कवि ने अपनी कृति के अन्त में कृति का समाप्ति काल, नगर वर्णन एवं महाराजा मानसिंह के नाम का उल्लेख किया है जो निम्न प्रकार है।

सोलासे साठे शुभ वर्ष,
फाल्गुण शुक्ल पूर्णिमा हर्ष।
सोहैं मोजमाबाद निवास,
पूजै मन की सगली आस।
सोहे राजा मान को राज,
जिहि बांधों पूरन लग पाज।
सुखी सबे नगर में लोग,
दान पुण्य जाने सहु भाग।
यह विधि कलयुग में दिन राति,
जाएँ नहीं दुख की जाति।
छीतर ठोल्यौ बिनती करे,
हिवड़ा मांहि जिन वाणी धरे।

छीतर ठोलिया के एक वर्ष पूर्व यहाँ के निवासी नानू गोधा के आग्रह से भट्टारक वादिभूषण के शिष्य आचार्य ज्ञानकीर्ति ने संस्कृत में यशोधर चरित नामक काव्य की रचना करके यहाँ की साहित्य गतिविधियों की वृद्धि में अपना योगदान दिया। नानू गोधा उस समय महाराजा मानसिंह के प्रधान आमात्य (मन्त्री) थे। जब कवि ने इस ग्रन्थ की समाप्ति की तो नानू गोधा महाराजा मानसिंह के साथ बंगाल के अकबर नगर में थे। कवि ने अपनी कृति के परिचय भाग में महाराजा मानसिंह को राजाधिराज की उपाधि से सम्बोधित किया तथा लिखा है कि उनके चरण कमल अनेक राजाओं के मुकुटों से पूजित थे, अपनी दान प्रकृति से उन्होंने सारे विश्व को सन्तुष्ट कर रखा था तथा जिसका यश सूर्य के समान चारों दिशाओं में व्याप्त था। ऐसे महाराजा का महान अमात्य था नानू गोधा जिसका यश भी अपने स्वामी के समान चारों दिशाओं में व्याप्त था। जिन्होंने कैलाश तथा सम्मेद शिखर की तीर्थ यात्रायें की थी तथा जिनकी नव साहित्य निर्माण करवाने की ओर विशेष रुचि थी। यशोधर चरित एक प्रबन्ध है। इस काव्य की एक पाण्डुलिपि जयपुर के महावीर भवन के संग्रहालय में उपलब्ध है। प्राप्त पाण्डुलिपि सं. १६६१ अर्थात् अपने रचनाकाल के केवल २ वर्ष पश्चात् की ही लिखी हुई है।

सं. १६६४ (सन् १६०७) ज्येष्ठ कृ. ३ के दिन यहाँ विशाल स्तर पर एक पंच कल्याणक प्रतिष्ठा समारोह का आयोजन किया गया था। वह दिन इस नगर के इतिहास का स्वर्ण दिन था। इस दिन यहाँ दिगम्बर जैन मन्दिर का निर्माण होने के पश्चात् एक बड़ा भारी समारोह आयोजित किया गया जो पंच कल्याणक प्रतिष्ठा के नाम से विख्यात है। प्रतिष्ठाकारक थे महाराजा मानसिंह के विश्वस्त अमात्य स्वयं नानू गोधा। इसलिए यह समारोह राजकीय स्तर पर आयोजित किया गया। इसमें राजस्थान के ही नहीं समूचे देश के विभिन्न ग्रामों एवं नगरों से लाखों की संख्या में जैन एवं जैनेतर समाज एकत्रित हुआ और भगवान ऋषभदेव की मूर्ति सहित हजारों की संख्या में जिन मूर्तियों की प्रतिष्ठाविधि सम्पन्न हुई। सम्भव है इस

समारोह में मुगल बादशाह अकबर के प्रतिनिधि तथा स्वयं महाराजा मानसिंह भी सम्मिलित हुए हों, क्योंकि प्रतिष्ठा समारोह एवं मन्दिर निर्माण को देखकर ऐसा लगता है कि जैसे नानू गोधा ने उस समय अपनी समस्त विशाल सम्पत्ति का मुक्त हस्त से वितरण करके उसका संस्कृति, साहित्य एवं कला के विकास में सदुपयोग किया था। इस प्रतिष्ठा में प्रतिष्ठापित जैन मूर्तियां राजस्थान के मन्दिरों में ही नहीं किन्तु मध्य प्रदेश, उत्तर प्रदेश के विभिन्न मन्दिरों में प्रतिष्ठापित हैं। इस प्रतिष्ठा से मोजमाबाद नगर स्वयं गौरवान्वित हो गया। राजस्थान में उसका विशिष्ट स्थान बन गया। इसी परिवार में संवत् १८१६ में दौलतराम गोधा हुए जिनका जयपुर दरबार ने अपना रूमाल देकर सत्कार किया।

अपनी कला एवं विशालता के लिए शीघ्र ही नानू गोधा द्वारा निर्माणित नगर का यह जैन मन्दिर सारे राजस्थान में प्रसिद्ध हो गया। लोग सुदूर प्रान्तों से दर्शनार्थ आने लगे और सैकड़ों वर्षों तक यह उनका तीर्थ स्थान बना रहा। मन्दिर के ऊपर जो तीन शिखर हैं वे मानों दूर से ही जन साधारण को अपनी ओर आमन्त्रित करते हैं तथा साथ ही में जगत् को सम्यक श्रद्धा, सम्यक् ज्ञान एवं सम्यक् आचरण के परिपालन का सन्देश देते हैं। मन्दिर के प्रवेश द्वार से आगे एक विशाल चौक और आता है। जिसके निज मन्दिर के प्रवेश वाला द्वार का भाग अत्यधिक कलापूर्ण है। इसे आठ भागों में विभक्त किया गया है तथा श्वेत एवं लाल पाषाण पर कला की अद्भुत कृतियों को उतारा गया है। मुख्य द्वारों पर विभिन्न भाव नृत्यों के साथ देव देवियों के चित्र हैं। देव तथा देवियां पूर्णतः समलंकृत तथा साज सज्जा सहित दिखाये गये हैं। एक चित्र में सरस्वती अपने हाथ से हंस को मोती चुगा रही है। इन देवियों की विभिन्न नृत्य मुद्रायें देखकर ऐसा आभास होने लगता है मानों दर्शकगण किसी इन्द्र सभा में आ गये हों। प्रवेश द्वार पर गणेशजी की मूर्ति खुदी हुई है जिससे जैन एवं ब्राह्मण संस्कृति के समन्वय का पता चलता है। कहीं पर हाथी अपनी सूंड से जल भर कर तीर्थंकरों का

अभिषेक कर रहा है तो कहीं सिंह वाहिनी देवी की मूर्ति दिखाई देती है। सचमुच लाल एवं श्वेत पाषाण पर दर्षित यह कला भारतीय एवं राजस्थानी कला का अच्छा प्रस्तुतिकरण है।

इस मन्दिर में दो भूमिगत मन्दिर भी हैं। जिनमें तीर्थंकरों की भव्य एवं कलापूर्ण मूर्तियाँ विराजमान हैं। सभी मूर्तियाँ सं० १६६४ में प्रतिष्ठापित हैं। और अपने नानू गोधा की कीर्ति को अनन्तकाल तक स्थाई रखने को उद्यत हैं। भगवान आदिनाथ की जो विशाल पद्मासन मूर्ति है उसमें कलाकार ने मानों अपनी समस्त कला को उडेल दिया है। यह उसके वर्षों की साधना होगी। ऐसी सौम्य एवं मनोज्ञ मूर्तियाँ बहुत कम मन्दिरों में उपलब्ध होती हैं।

मन्दिर निर्माण का कार्य सम्भवतः बराबर चलता रहा होगा और १७८० में ही छत्री निर्माण के साथ वह समाप्त हुआ होगा। छत्री में जो लेख अंकित है उसके अनुसार इसके निर्माण में उस समय ११०१ रु० लगे थे। चौधरी नन्दलाल के पुत्र जोधराज ने इसके निर्माण कराने में अपना योग दिया। मकराना के नागराज बलदेव छत्री निर्माण के प्रमुख शिल्पकार थे।

मोजमाबाद के तालाब के किनारे पर स्थित त्रिपोलिया द्वार आज भी अपने प्राचीन वैभव की याद दिला रहा है। इस पर अंकित जैन मूर्तियों से पता चलता है कि यह भी कोई जैन सांस्कृतिक स्थान था। कुछ वर्षों पूर्व तक यहाँ तीज गणगौर पर अच्छा मेला भरता था। इसके पास आसजी का मन्दिर है कहते हैं मुस्लिम शासकों को यहाँ नागा सम्प्रदाय के एक साधु ने अपने चमत्कार दिखला कर गायों की रक्षा की थी।

मोजमाबाद हस्तलिखित पाण्डुलिपियों के संग्रह की दृष्टि से भी महत्वपूर्ण स्थान है। यहाँ के ग्रन्थ संग्रहालय में प्राकृत, संस्कृत, अपभ्रंश एवं हिन्दी के ग्रन्थों की पांडुलिपियाँ उपलब्ध होती हैं, जो दर्शन, साहित्य एवं

कला पर शोध करने वाले विद्यार्थियों के लिए बहुत महत्त्वपूर्ण सिद्ध हो सकती हैं। प्रवचनसार (कुन्दकुन्द) जैनेन्द्र व्याकरण, षट्कर्मोपदेशरत्नमाला (अमर कीर्ति) त्रिषष्टि स्मृति (आशाधर) योगसार (अमितगति), तत्वार्थ सूत्र टिप्पण (योगदेव), तथा अपभ्रंश के आदि पुराण पर प्रभाचन्द्र का टिप्पण इन्हीं ग्रन्थों के संग्रह में है। इसी भंडार में कृष्ण-रुक्मणिवेली की एक अत्यधिक प्राचीन एवं शुद्ध पाण्डुलिपि सुरक्षित है। जिस पर लाखा चारण की टीका है। लाखा चारण कृत टीका वाली पाण्डुलिपि अभी तक राजस्थान के अन्य भण्डारों में उपलब्ध नहीं हो सकी है। यशोधर चरित की दो सचित्र पाण्डुलिपियां शास्त्र भण्डार की अमूल्य धरोहर हैं।

नगर के बाहर जो जैन नसियां है उसके मुख्य द्वार पर एक लेख अंकित है। यह लेख संवत् १६३२ का है। जिसमें हिन्दू और मुसलमान बन्धुओं से धार्मिक स्थानों की पवित्रता बनाये रखने का आग्रह किया गया है। यहां चार भुजा का प्राचीन वैष्णव मन्दिर भी है। अभी गत आठ दस वर्ष पूर्व ही यहाँ गाँव में विचरने वाले एक सांड का स्मारक बनाया गया है, जो आस-पास के ग्रामीण जनों की श्रद्धा का केन्द्र बनता जा रहा है। मानव मात्र ही नहीं किन्तु पशु तक के प्रति स्नेह एवं श्रद्धा का यह अद्भुत स्मारक है।

जयपुर
१–१०–७४

डा० कस्तूरचन्द कासलीवाल

प्रस्तावना

अभिधान राजेन्द्र कोश में चूर्णि पद का निम्न लक्षण किया गया है—

अल्पबहुलं महत्थं हेउ-निवाओव सग्गगंभीरं ।

बहुपाय-मवोच्छिन्नं गयरणयसुद्धं तु चुण्णपयं ।।

अर्थात् जिसमें महान् अर्थ हो, हेतु निपात और उपसर्ग से मुक्त हो, गम्भीर हो, अनेक पदसमन्वित हो, अव्यवच्छिन्न हो और तथ्य की दृष्टि से जो धाराप्रवाहिक हो उसे चूर्णिपद कहते हैं। चूर्णि साहित्य दिगम्बर एवं श्वेताम्बर दोनों ही सम्प्रदायों में पाया जाता है। इस साहित्य का वही महत्व है जो आगम साहित्य का है। लेकिन श्वेताम्बर परम्परा की चूर्णियों से दिगम्बर आचार्यों द्वारा रचित चूर्णि सूत्रों की शैली और विषय-वस्तु बहुत भिन्न है। श्वेताम्बर परम्परा में जैनागमों पर प्राकृत अथवा संस्कृत मिश्रित प्राकृत में जो व्याख्याएं लिखी गयी हैं वे चूर्णियों के रूप में प्रसिद्ध हैं। उनके यहां विशाल चूर्णि साहित्य मिलता है और प्रायः प्रत्येक आगम ग्रन्थ पर चूर्णियां मिलती हैं।

लेकिन दिगम्बर परम्परा में भी चूर्णि सूत्र साहित्य का महत्व कम नहीं है। आचार्य वीरसेन के उल्लेखानुसार चूर्णि सूत्रकार का मत 'कषाय पाहुड' और षट्खण्डागम के मत के समान प्रामाणिक एवं महत्वपूर्ण है। आचार्य नेमिचन्द्र सिद्धान्तचक्रवर्त्ति (वि० ११ वी शताब्दी) ने लब्धिसार ग्रन्थ में पहिले यतिवृषभ के ग्रन्थ के मत का निर्देश किया है तदनन्तर भूतबलि के मत का।[1] इससे स्पस्ट है कि चूर्णि सूत्र मूल आगम ग्रन्थों के समान ही महत्वपूर्ण एवं उपयोगी हैं। आचार्य यतिवृषभ आचार्य भूतबलि एवं पुष्पदन्त के समकालीन थे। डा० नेमिचन्द्र शास्त्री ने इनका समय वि० सं० ५२६ से पूर्व निश्चित किया है।[2] आगम व्याख्याता की दृष्टि से उनकी उल्लेखनीय सेवाएं हैं। उनके ग्रन्थों के अवलोकन से पता चलता है कि उनके समक्ष षट्खंडागम, लोक-विनिश्चय, संगाइणी और लोकविभाग जैसे ग्रन्थ विद्यमान थे। और उन्होंने इन ग्रन्थों का सम्यक् अध्ययन करते हुए चूर्णि सूत्रों की रचना थी। यदि यतिवृषभ चूर्णि

---

१. तीर्थङ्कर महावीर और उनकी आचार्य परम्परा—डा० नेमिचन्द्र शास्त्री पृष्ठ सख्या ८२।

२. वहीं। पृष्ठ संख्या ८५।

सूत्रों की रचना न करते तो बहुत सम्भव है कषायपाण्डु का अर्थ ही स्पष्ट नहीं हो पाता। आचार्य यतिवृषभ चूर्णि सूत्रों के प्रथम रचयिता थे इसलिए उनका भी वही महत्व है जितना षट्खंडागम के रचयिता आचार्य भूतबलि पुष्पदन्त का। वैसे आचार्य वीरसेन ने तो षट्खण्डागम के सूत्रों को भी चूर्णिसूत्र कहा है इसी तरह वेदना खण्ड में जो व्याख्यान रूप गाथायें हैं धवलाकार ने उन्हें चूर्णि सूत्र कहा है।

आचार्य यतिवृषभ के पश्चात् होने वाले चूर्णि सूत्रकारों में उच्चारणाचार्य हुए। उन्होंने मौलिक रूप से चली आयी श्रुतपरम्परा को शुद्ध उच्चरित रूप बनाये रखने के लिए उच्चारण की शुद्धता पर विशेष जोर दिया। यद्यपि यतिवृषभ एवं उच्चारणाचार्य के विषय निरूपण में यत्र तत्र विभिन्नता दिखलाई पड़ती है लेकिन पर्यायार्थिक नय और द्रव्यार्थिक नय की अपेक्षा से विचार करने में उसमें कोई अन्तर नहीं आता। उच्चारणाचार्य का समय द्वितीय शताब्दी का अन्तिम पाद एवं तृतीय शताब्दी का प्रथम पाद माना जाता है।

प्रस्तुत शतक चूर्णि के रचयिता आचार्यवर्य शिवशर्मा हैं जिनका उल्लेख चूर्णिकार ने आरम्भ में किया है। चूर्णिकार ने उनके प्रति श्रद्धांजलि समर्पित करते हुए लिखा है कि शब्द, तर्क, व्याकरण, एवं कर्म सिद्धान्त के जानने वाले, अनेकवाद में विजय प्राप्त करने वाले द्वारा यह शतक ग्रन्थ लिखा गया है। प्रस्तुत आचार्य शिवशर्मा कब हुए, उनकी अन्य कृतियां और कौन-कौन सी हैं तथा उनके गुरु का नाम क्या था इसके विषय में यह शतक चूर्णि मौन है। श्वेताम्बर साहित्य में चतुरंगीय नामक तृतीय अध्ययन की वृत्ति में आवश्यक चूर्णि, वाचक (सिद्धसेन) और शिवशर्मा का उल्लेख हुआ है। शिवशर्मा का "जोगा पयडि पएसं ठिति अणुभागं" गाथा की प्रथम पंक्ति भी उद्धृत की गयी है। उनके अनुसार शिवशर्मा ११ वीं शताब्दी के विद्वान् थे।

लेकिन शतक चूर्णि के रचयिता आचार्य शिवशर्मा दिगम्बर जैनाचार्य थे ऐसा उनके इस ग्रन्थ से स्पष्ट पता लगता है। उनका समय भी ११ वीं शताब्दी से पूर्व का ही होना चाहिए। क्योंकि चूर्णिकार ने जिन प्राकृत गाथाओं को उद्धृत की है वे आचार्य नेमिचन्द्र के ग्रन्थों की गाथाएं हैं। इस शतक ग्रन्थ पर जिस आचार्य ने चूर्णि लिखी, उसके बारे में भी स्वयं चूर्णिकार मौन है।

शतक चूर्णि पूर्णतः सिद्धान्त ग्रन्थ है इसमें जीव समास एवं गुणस्थान पर आधारित उच्चस्तरीय चर्चाओं का वर्णन किया गया है। वर्णन लालित्य एवं माधुर्य गुण युक्त है तथा कथन शैली आकर्षक है।

शतक चूर्णि का प्रस्तुत भाग प्रथम खण्ड के रूप में प्रकाशित किया गया है। इस खण्ड में ५५ गाथाओं को लिया गया है। पहिले गाथा दी गई है और फिर उस पर प्राकृत में व्याख्या दी गई है जो अत्यधिक सरल एवं विस्तृत है। व्याख्या के पश्चात् उसकी विस्तृत चूर्णि लिखी गई है। इस प्रकार गाथा तो सूत्र रूप में है और उसके विषय का विस्तृत वर्णन व्याख्या एवं चूर्णि के माध्यम से किया गया है। प्रथम आठ गाथा सूत्रों में उपयोग, विधि, योगविधि एवं जीवसमास का वर्णन किया गया है। नौवी गाथा से चौदह गुणस्थानों का विस्तृत वर्णन प्रारम्भ होता है। दसवीं गाथा सूत्र में मार्गणाओं का वर्णन मिलता है। सर्वप्रथम लिखा है कि देव और नारकियों में चार गुणस्थान होते हैं, तिर्यञ्चों में पांच तथा मनुष्य गति में चौदह गुणस्थान होते हैं। इस गाथा की चूर्णि में मार्गणाओं का वर्णन किया गया है लेकिन यह सब चूर्णिकार की सर्जना है। ११ वीं गाथा में किस गुणस्थान में कौनसा उपयोग होता है इसका वर्णन मिलता है। १२ वीं एवं १३ वीं गाथाओं में गुणस्थानों में मिलने वाले योगों का वर्णन किया गया है। प्रथम, दूसरे एवं चौथे गुणस्थान में तेरह योग होते हैं। तीसरे में दस योग होते हैं। १४ वीं, १५ वीं एवं १६ वीं गाथा में प्रत्यय बंध पर चर्चा की गई है। १७ वें गाथा सूत्र में साता एवं असाता वेदनीय का बंध कैसे होता है इसका विवेचन हुआ है। १८ वीं एवं १९ वीं गाथा में दर्शनमोह एवं चारित्र मोह के बंध के कारणों पर चर्चा की गयी है। २० वीं गाथा से लेकर २८ वीं गाथा तक आयु के कारणों पर प्रकाश डाला गया है। २९ वीं गाथा से ३४ वीं गाथा तक उदीरणा का वर्णन मिलता है। मिथ्यादृष्टि वगैरह प्रमत्त संयत पर्यन्त आयुकाल की आवली मात्र शेष रहने तक आठ कर्मों की उदीरणा करते हैं। उसी तरह आयु की चरमावली में सात कर्म की ही उदीरणा करता है। आगे की गाथा सूत्रों में आठ कर्मों एवं उनकी प्रकृतियों का विस्तृत विवेचन किया गया है। इस प्रकार शतक चूर्णि में गुण-स्थान पर आधारित चर्चाओं का बहुत ही सुन्दर वर्णन उपलब्ध होता है।

प्रस्तुत शतक चूर्णि को प्रकाश में लाने का श्रेय आदरणीय क्षु० सिद्धसागर जी महाराज को है। क्षुल्लक जी महाराज अनवरत स्वाध्याय एवं ग्रन्थ शोधन तथा लेखन के कार्यों में व्यस्त रहते हैं। वे काफी समय से मौजमाबाद में है

और वहां के शान्तिपूर्ण वातावरण में साहित्य सर्जना में लगे हुए हैं। ऐसे अज्ञात एवं महत्वपूर्ण आगम ग्रन्थ को प्रकाश में लाने के लिए समस्त जैन समाज उनका पूर्ण आभारी है।

ग्रन्थ को प्रकाशित करने का श्रेय चौधरी प्रकाशन संस्थान के अध्यक्ष श्री गम्भीरमलजी चौधरी को है। श्री गम्भीरमलजी की समाज एवं साहित्यिक सेवा में पर्याप्त अभिरुचि है तथा वे अपने क्षेत्र के सर्वाधिक लोकप्रिय कार्यकर्ता हैं। ऐसे उपयोगी ग्रन्थ को प्रकाश में लाने के लिए उन्हें हार्दिक बधाई है।

डा० कस्तूरचन्द कासलीवाल

पूज्य क्षुल्लक सिद्धसागर जी महाराज

ॐ नमोऽर्हद्भ्यः

शतक चूर्णि व्याख्या

सिद्धो णिद्धूय-कम्मो सद्धम्मपणायगो तिजगणाहो ।
सव्व जगुज्जोय-करो, अमोह वयणो जयइ वीरो ।।१।।

हिन्दी तात्पर्यानुवाद टीका

प्रसिद्ध निर्धूत कर्म सद्धर्म प्रणायक त्रिजगत् नाथ सर्व जग उद्योतक अमोघ वचन वीर जयवंत होता है ।

प्रश्न–सिद्ध पद का प्रयोग चूर्णि सूत्रकार ने चूर्णि के प्रारम्भ में क्यों किया ?

उत्तर–शतक चूर्णिकार ने प्रारम्भ में वीर या महावीर को लोक प्रसिद्ध बतलाने के लिए, मंगल कामना से कार्य-सिद्धि के लिए 'सिद्ध' विशेषण का प्रयोग किया है ।

प्रश्न–'णिद्धूय कम्मो' विशेषण क्यों दिया है ?

उत्तर–अनंत चतुष्टय विरोधी या कैवल्य के विरोधी कर्म्मों को धो दिया है इस को सूचित करने के लिए 'णिद्धूय कम्मो' यह विशेषण दिया है । इस से वीर को वीतराग बतलाया है ।

प्रश्न–'सव्व जगुज्जोय-करो' यह विशेषण क्यों हैं ?

उत्तर–यह विशेषण वीर को सर्वज्ञ बतलाने के लिये है ।

प्रश्न–'सर्व जगत्' का क्या अर्थ है ?

उत्तर–सम्पूर्ण पदार्थ या सम्पूर्ण द्रव्य के उत्पाद व्यय और ध्रौव्य को सर्व जगत् कहते हैं । कहा भी है : "स्थित्युत्पत्तिलयात् गच्छति इति जगत्" जो स्थिति उत्पत्ति और लय को प्राप्त हो वह जगत् है । सर्व का अर्थ है सम्पूर्ण द्रव्य । सम्पूर्ण द्रव्यों के उत्पाद व्यय और ध्रौव्य को या सर्व जगत् को बतलाने के लिए 'सर्व जगत्' पद है ।

ध्रौव्य सामान्य है और पर्याय उत्पाद व्यय सहित है वह विशेष है । सम्पूर्ण सामान्य और विशेषों को जो प्रकाशित करता है वह सर्वजगत् उद्योतकर कहलाता है ।

प्रश्न–'अमोह वयणो' यह विशेषण क्यों है ?

उत्तर–यह वीर के मोह रहित अमोघ वचन को या मोक्ष मार्ग नेतृत्व को या हितोपदेशी पने को सूचित करने के लिए है।

प्रश्न–'ति-जग-णाहो' तीन जगत् के नाथ यह पद क्यों है ?

उत्तर–यह सौ इन्द्रों के द्वारा प्राप्त पूज्यता को सूचित करने के लिए है

प्रश्न–'जयइ वीरो' का क्या अर्थ है ?

उत्तर–'महावीर भगवान् जयवंत है'। इसको सूचित करने के लिए है।

सव्वेवि गणहरिंदा सव्व जगीसेण लद्धसक्कारा।
सव्व जग-मज्झयारे सुय केवलिणो जयंति सया ॥२॥

प्रश्न–'सव्वेवि गणहरिंदा' सम्पूर्ण गणधरेन्द्र कैसे हैं ?

उत्तर–'सम्पूर्ण जगत के ईश्वर से प्राप्त किया है सत्कार जिन्होंने' इसको सूचित करने के लिए 'सव्व जगीसेणलद्ध सक्कारा यह विशेषण दिया है।

प्रश्न–'सव्व जगमज्झयारे' का क्या अर्थ है ?

उत्तर–'सर्वजगत के मध्य में' यह उसका अर्थ है।

प्रश्न–'सुय केवलिणो सया जयंति' का क्या अर्थ है ?

उत्तर–श्रुत केवलि सदा जयवंत होते हैं।

जिणवर-मुह-संभूया गणहर विरइय सरीर–पविभागा।
भविय-जण-हियय दइया सुयमयदेवी सया जयइ ॥३॥

प्रश्न–इस तीसरे मंगल चूर्णि सूत्र का क्या अर्थ है ?

उत्तर–जिनवर मुख से उत्पन्न हुई गणधर से विरचित द्वादशांग भेद वाली भव्य-जन प्रिया श्रुतमयी देवी सदा जयवंत है।

प्रश्न–ग्रन्थ रचना का निमित्त क्या है ?

उत्तर–शतक कर्त्ता आचार्यवर्य शिवशर्म के ग्रन्थ रचने के निमित्त को चूर्णि सूत्रकार चूर्णि द्वारा बतलाते हैं।

सम्मदंसणणाणचरणतवमएहिं सत्थेहिं अट्ठविह कम्मगंठिं जाइ-जरा मरण-रोग-अन्नाण-दुक्ख बीय-भूयं छिंदित्ता अजरममर-मरुजमक्खयमव्वाबाह परम णिव्वुइसुहं कह नाम भव्वत्ता पावेज्जत्ति आयपरहितेसीण साहूणं पव्वित्ति।

अग्गो अज्ज कालियाणं साहूणं दुस्समाणुभावेणं आयु-बलमेहा-करणाइ-गुणेहिं परिहीयमाणाणं अणुग्गहत्थं आयरिएण कयं सम परिमाण णिप्फन्नणामगं सतगं ति पगरणं।

'जीव सम्यग्दर्शन सम्यक्ज्ञान सम्यक्चारित्र और सम्यक्तप रूप शास्त्रों से आठ प्रकार की ग्रंथि को जो कि जाति, बुढ़ापा, मरण रोग अज्ञान दुःख का

बीज भूत है छेद कर अजर अमर अरोग अक्षय अव्याबाध परम निर्वृत्ति सुख किस प्रकार प्राप्त करे, इस प्रकार के निमित्त से स्वपर हितैषी साधुओं की प्रवृत्ति होती है निर्निमित्त नहीं।

अब आज कल के साधु जो कि दुषम काल के महात्म्य से आयु बल, मेधा करण-परिणाम आदिक गुणों से ह्रास को प्राप्त हो रहे हैं उनके अनुग्रह के लिये आचार्य के द्वारा रचा हुआ शत परिमाण (पूर्ण सार्थक) निष्पन्न नाम वाला 'शतक' ऐसा प्रकरण है।

'तमणुवक्खाइस्सामि' 'उसके अनुकूल मैं व्याख्यान करूंगा' यह चूर्णि व्याख्या की प्रतिज्ञा है

'तत्थ पुव्वं ताव सम्बन्धो भण्णइ' उसमें से पहले तब तक सम्बन्ध बतलाया जाता है।

"संज्ञा निमित्तं कत्तारं परिमाणं प्रयोजनं।
प्रागुक्त्वा सर्वतन्त्राणां पश्चद्वक्ता तं वर्णयेत् ॥१॥"

प्रश्न–इस चूर्णि में उद्धृत श्लोक का क्या अर्थ है? नाम निमित्त कर्ता परिमाण और प्रयोजन को पहले कह कर पश्चात् वक्ता सर्व शास्त्रों के तं अर्थात् उस व्याख्यान को करे! या उसका वर्णन करे!

इति वचनात्, एतस्स पगरणस्स किं णामं? किं णिमित्तं? केण वा कयं? किं परिमाणं? किं प्रयोजनं? इति।

तत्थ णामं दसप्पगारं "गुण १ णोगुण २ आदाणे ३ पडिवक्ख ४ पहाण ५ णिस्सितं ६ चेव। संयोग ७ माण ८ पच्चय ९ अणादि सिद्धंत १० विहियंति ॥१॥"

प्रश्न-नामादिक का व्याख्यान करना चाहिये इस प्रकार का आगम का वचन होने से यह प्रश्न उत्पन्न होता है कि इस प्रकरण का नाम क्या है? इस की रचना का निमित्त हेतु क्या है? और वह किस के द्वारा रचा गया है उस ग्रन्थ की श्लोक संख्या कितनी है! और किस लिए वह रचा गया है? इस प्रकार के प्रश्न होने पर कहते हैं कि—

स०–उनमें से नाम के दस प्रकार हैं। गुण नाम १ नो गोण्यनाम २ आदान नाम ३ प्रतिपक्ष ४ प्रधान ५ निसृत ६ संयोग ७ मान ८ प्रत्यय ९ और अनादि सिद्धांत १०।

तत्थ एयं पगरणं पमाण णिप्फन्न णामगं सतगं ति।

उन दस प्रकार के नामों में से यह प्रकरण 'प्रमाण-संख्या' इस सार्थक नाम से 'शतक' संज्ञा निष्पन्न हुई है। चूंकि यह शतगाथा प्रमाण को लिये हुए है अतः 'शतक' कहलाता है।

प्रश्न–किं णिमित्त' कयं ? किस निमित्त से रचा गया हैं ?

उत्तर–त्ति णिमित्तं भणियं। ग्रन्थ निर्माण के निमित्त को बता आये हैं इस लिए पुनः उस को नहीं कहते है।

प्रश्न–केण कयं ? किस के द्वारा रचा गया है ?

समाधानति, शब्द-तर्क-न्याय-प्रकरण-कर्म-प्रकृति-सिद्धांत-विजाणएण अणेग-वाय-समालद्धविजएण सिव सम्मायरियणामधे ज्जेण कयं।

शब्द, तर्क, न्यायप्रकरण, कर्मप्रकृति सिद्धान्त के जानने वाले अनेक वाद में प्राप्त-विजय **शिव-शर्म-आचार्य** नाम वाले के द्वारा यह शतक ग्रन्थ रचा गया है ऐसा चूर्णि व्याख्याकार कहते हैं।

शंका–किं परिमाणं ? परिमाण कितना है ?

स०–गाहा-परिमाणेणं सयमेत्त', अक्खरादि-परिमाणेणं संखेज्जं, अत्थपरिमाणेण अपरिमिय परिमाण मणेग भेयभिन्नं।

गाथा के परिमाण से शत मात्र है। अक्षर आदि के परिमाण से संख्यात है। अर्थ-तात्पर्य परिमाण से अपरिमित परिमाण वाला अनेक भेद से विभाजित हैं।

शंका–किं पयोयणं ? इस ग्रन्थ को रचने का क्या प्रयोजन हैं ?

स०–ति, जीवाणं उवओगजोग-पच्चयबंधोदयो दीरणा-संजोग,-बंध-विहाणादि अभिगमणत्थं तं चेव णाणं दंसणं च, तदो बंधाइ निरोहणसमत्थे चरणे उज्जमो, ततो मोक्ख इति एयं पयोयणं भणिय।

इस प्रकार की आशंका का समाधान यह है कि:—

जीवों को, उपयोग, योग, प्रत्यय, बंध, उदय, उदीरणा, संयोग, बंध-विधान आदि का बोध कराने के लिये। और वही ज्ञान और दर्शन है, उससे बंधादिक का निरोध करने में समर्थ आचरण में उद्यम होता है। उससे मोक्ष होता है। इस प्रकार से यह ग्रन्थ का प्रयोजन बतलाया है।

संबन्धोत्थ एवं संबधातीतस्स पगरणस्स इमा आइमा गाहा मंगल-भिधेयाधार-सत्थसम्बन्धत्था—

मंगल–गाथा

अरहंते भगवंते अणुत्तर परक्कमे पणमिऊणं।
बंध सयगे निबद्ध' संगहमिणमो पवक्खामि॥

संबन्धोत्थ (संबन्ध से उत्पन्न या उठने वाली) एवं संबन्धातीत प्रकरण की यह आद्य गाथा मंगल और अभिधेय के आधार भूत शास्त्र के संबन्ध को बतलाने के लिए हैं।

अनुत्तर पराक्रम वाले भगवान् अरहंत को नमस्कार करके बंध शतक में निबद्ध इस संग्रह को कहता हूँ, सुनो !

प्रथम—गाथा सूत्र

सुणह इह जीव गुण संनिएसु ठाणेसु सारजुत्ताओ ।
वोच्छं कइवइयाओ गाहाओ दिट्ठिवायाओ ॥१॥

इस शतक प्रकरण में जीव स्थान संज्ञा वाले और गुणस्थान संज्ञा वालों के विषय में दृष्टिवाद से प्राप्त होने वाली सारयुक्त कतिपय गाथाओं को कहता हूँ । सुनो !

व्याख्या—सुणह त्ति सोत्तविसयत्तातो सुयणाणस्स सुयनाण संबज्झइ । कहं ? अधिगतच्छाओ दिट्ठिवायातो गाहाओं सुणहत्ति । तं च सुयणाणं मंगल । कम्हा ? भण्णइ णंदी भावमंगलं ति काउं, मगलपरिग्गहियाणि सत्थाणि णिप्फत्तिं गच्छंति ।

'सुनो !' ऐसा कहने का तात्पर्य कहते हैं । सुनने का सम्बन्ध यहां श्रुतज्ञान के साथ सम्बन्धित है । कैसे ? दृष्टिवाद से जिनका अर्थ जान लिया गया है ऐसी गाथाओं को सुनो ! ऐसा तात्पर्य है ।

और वह श्रुतज्ञान मंगल रूप है । मंगल रूप कैसे है ? इसके उत्तर में कहते हैं कि :—

नंदी भाव मंगल है (इसलिए) जो शास्त्र मंगल परिग्रहीत हैं या मंगल रूप से परिगणित है वे परिपूर्णता को प्राप्त होते हैं ।

सिस्स-पसिस्सस्स परं परया पइट्ठाहिंति चेति तो सुणह सद्दो मंगलत्थो । और वे शिष्य प्रशिष्य की परम्परा से प्रतिष्ठा को प्राप्त होते हैं । ऐसा जानना चाहिये इससे तो यह सिद्ध होता है कि 'सुणह' शब्द मंगल के लिये है ।

इह जीवगुण संनिएसु ठाणेसु सारजुत्ताओ वोच्छं कइ वइयाओ गाहाओ त्ति अभिधेया धारत्थो अभिधेया उवओगादओ, दिट्ठिवायाओ त्ति, सत्थ सम्बन्धत्थो, एस पिंडत्थो ।

'यहां जीव-गुण संज्ञा वाले स्थानों के विषय में सारयुक्त कतिपय गाथाओं को कहता हूं' इस प्रकार, अभिधेय के आधार को बतलाने के लिये है । अभिधेय 'उपयोगादिक है ।' 'दृष्टिवाद से प्राप्त' यह शास्त्र सम्बन्ध के लिये है । यह समुदाय अर्थ है संक्षिप्त अर्थ या पिण्डार्थ है ।

इयाणिं अवयवा विवरिज्जंति-सुणह त्ति-सीसामंतणवयणं । किं कारण-मामन्त्रयति ? इति चेत् ? उच्यते, सीसायरिय संबद्ध परोवकारो व दरिस-णत्थं सोतिंदिउवजोगजणणत्थं च आमन्त्रयति ।

अब गाथा के अवयवों का वर्णन किया जाता है । 'सणुह त्ति' सुनो ऐसा जो वचन है वह शिष्य का आमंत्रण वचन है ।

किसलिये या किस कारण आमन्त्रित करता है । यदि ऐसा पूछो तो उसको कहा जाता है कि—शिष्य-आचार्य संबद्ध परोपकार को बतलाने के लिये और श्रोत्रेन्द्रिय उपयोग को उत्पन्न करने के लिये आमन्त्रण किया जाता है ।

'इहत्ति' अस्मिन् प्रकरणे । 'इह' ऐसा जो शब्द गाथा सूत्र में है उसका अर्थ है 'इस प्रकरण में' ।

'जीवगुण-सन्निएसु ठाणेसु' त्ति । ऐसे जो सूत्र में पद हैं उनमें से 'संन्निय सद्दो' संज्ञा वाला यह शब्द और ठाणसद्दो य स्थान शब्द जीव और गुण, प्रत्येकं प्रत्येक के साथ में 'परिसमाप्यते' जोडा जाता है । जीव सन्निएसु ठाणेसु गुण सन्निएसु य ठाणेसुत्ति जीवट्ठाण-गुणट्ठाणणामधेज्जेसु त्ति भणियं होति । एदेसिं अत्थो निद्देसे वक्खाणिज्जिहिति ।

'जीव संज्ञा वाले स्थानों में और गुण संज्ञा वाले स्थानों मे' इस प्रकार जीव स्थान नाम वालों में ऐसा तात्पर्य होता हैं । इनका अर्थ निर्देश में व्याख्यान में बतलाया जायगा ।

एतेसिं विन्यास-प्रयोजनं पूर्व जीवास्तित्वचिन्तनं, तत्सिद्धौ शेष प्रपञ्च सिद्धिरिति, जीवट्ठाणाइं प्रथम न्यस्तानि । इनके विशेष स्थापन के प्रयोजन पूर्वक जीव के अस्तित्व का चिन्तन है चूंकि उसके सिद्ध होने पर शेष विस्तार की सिद्धि होती है इसलिए जीव स्थानों को पहले न्यस्त किया है ।

विद्यमानां जीवनां गुणचिन्तनमिति तदनन्तर गुणठाणाणि एवं विन्नासे पयोयणं ।

विद्यमान जीवों के गुण स्थान का विचार किया जाता है इसलिये जीव-स्थान के पश्चात् 'गुणठाणाणि' 'गुण स्थान' ऐसे न्यास करने में या स्थापन करने में प्रयोजन है ।

'सारजुत्ताओ' त्ति, सारो अत्थो, अत्थजुत्ताओ । 'सार' अर्थ को कहते हैं जो अर्थ युक्त हैं वे सार युक्त कहलाती हैं ।

काओ ताओ गाथाओ ? त्ति संबज्झइ वोच्छं कइवइयाओ त्ति । वोच्छं भणामि कइवयाओ गाहाओ त्ति भणियं होइ । गीयन्तेऽर्थास्तस्यामिति गाथा । ताओ गाहाओ एयंमि पगरणे जीवट्ठाण गुणट्ठाणान्याश्रित्य अत्थमत्ताओ थोवाओ कहेमि ताओ सुणह त्ति संबज्झइ ।

स्वेच्छा-कहण परिहरणत्थं सत्थ गौरवत्थं वा सत्थ सम्बन्धं भणामि– 'दिट्ठवायाओ' त्ति आयरिय पायमूले विणएण सिक्खियाओ 'दिट्ठिवायाओ' कहेमि।

वे गाथाएं कौनसी हैं ? इस प्रकार सम्बन्धित किया जाता है कि कतिपय गाथाओं को कहता हूँ। 'वोच्छं' कहता हूं 'कतिपय गाथाओं को' ऐसा उसका तात्पर्य है।

प्रश्न–गाथा किसे कहते हैं ?

उत्तर–उसमें अर्थ गाये जाते हैं–बतलाये जाते हैं इसलिए उसे गाथा कहते है।

वे गाथाएं एक प्रकरण में जीवस्थान और गुणस्थान का आश्रय कर के प्रयोजन मात्र अर्थवाली अल्प गाथाओं को कहता हूं उन को सुनो ! इस प्रकार सम्बन्धित किया जाता है।

स्वेच्छा कथन के परिहार करने के लिए या शास्त्र के गौरव–महत्व के लिये शास्त्र सम्बन्ध को कहता हूँ। 'दिट्ठिवायाओ' त्ति इसका अर्थ है आचार्य के पादमूल में विनय से दृष्टिवाद से सीखी हुई है अत: 'दिट्ठिवायाओ' ऐसा कहा है।

प्रश्न–किं परिकम्म-सुत्त-पढ़माणुओगपुव्वगय चूलिया मइयातो सव्वाओ दिट्ठिवायाओ कहेसि ?

क्या परिकर्म, सूत्र, प्रथमानुयोग पूर्वगत चूलिका मय सम्पूर्ण दृष्टिवाद से सीखी हुई को कहता है ?

उत्तर–न, इत्युच्यते पूव्वगयाओ कहेमि।

नहीं, पूर्वगत से सीखी हुई को कहता हूँ। ऐसा कहा जाता है।

प्रश्न–किं उप्पायपुव्व अग्गेणिय जाव लोग बिन्दु साराओ त्ति एयाओ चोद्दस–विहाओ सव्वाओ पूव्वगयाओ कहेसि ?

उत्तर–न, इत्युच्यते अग्गेणियातो बीयाओ पुव्वातो।

क्या उत्पादपूर्व आग्रायणी से लोग बिन्दु सार पर्यन्त, ये चौदह प्रकार सब पूर्व से सीखो कहता है ?

उत्तर–नहीं, आग्रायणी नाम के दूसरे पूर्व से कही जाती है।

किं अट्ठवत्थु परिमाणाओ अग्गेणिय पूव्वातो सव्वातो कहेसि ? न इत्युच्यते पुव्वंते अवरंते धुवे अधुवे एत्थं चयण (चयण) लद्धीणाम-पंचमं वत्थुं तातो पंचमातो वत्थु तो कहेमि।

क्या आठ वस्तु परिमाण वाले आग्रायणीय पूर्व की सब वस्तुओं से कहता है ? नहीं, पूर्वांत अपरांत, ध्रुव, अध्रुव में जो यहां–च्यवन लब्धि नाम की पांचवी वस्तु है उस पंचम वस्तु से

प्रश्न–किं सव्वातो वीस पाहुडमात्र मेत्ता सो कहेसि ?

क्या सम्पूर्ण वीस पाहुड़ प्रमाण मात्र से कहता है ।

उत्तर–न, इत्युच्यते, तस्स पंचमस्स वत्थुस्स चउत्थं पाहुडं कम्मपगडी नामधेज्जं ततो कहेमि ।

नहीं, उस पंचम वस्तु का चौथा पाहुड़ कम्म प्रकृति नाम का है उससे कहता हूं ।

तस्स चउव्वीस अणुओगदाराइं भवन्ति तं जहा 'कइ १ वेदणा २ य फासे ३ कम्मं ४ पगडी य ५ बंधण ६ णिबंधे ७ पक्कम ८ उवकम्मु ९ दए १० मोक्खे ११ पुणसंकमे १२ लेस्सा १३ ।।१।। लेसाकम्मे १४ लेसापरिणामे १५ तह य सायमस्साते १६ दीहे हस्से १७ भवधारणी य १८ तह पोग्गला १९ अत्ता णिहत्तमणिहत्तं च २० णिक्काइय मणिक्काइय २१ कम्मट्ठिति २२ पच्छिमखन्धे २३ अप्पाबहुगं च २४ सव्वत्थओ ।।३।।' त्ति किं सव्व तो चउवीसाणुओगदार-मइयातो कहेसि ? न, इत्युच्यते, तस्स छट्ठमणुओगदारं बंधणं ति ततो केहमि । तस्स चत्तारि भेदा तं जहा, बंधो, बंधगो बंधणीयं बंध विहाणं ति' किं सव्वातो चउव्विहाणु-ओगदारातो कहेसि ? न इत्युच्यते, बंधविहाणं ति चउत्थ मणुओगदारं ततो कहेमि । तस्स चत्तारि विभागा ।

कर्म प्रकृति पाहुड़ के चौवीस अनुयोग द्वार होते हैं वे इस प्रकार हैं:— कृति, वेदना, स्पर्श, कर्म, प्रकृति, बंधन निबंधन, प्रक्रम, उपक्रम, उदय, मोक्ष, संक्रम, लेश्या, लेश्या कर्म, लेश्या परिणाम, सामसात, दीर्घह्रस्व, भवधारणीय, पुद्गलात्म, निधत्तनिधत्त, संनिकाचित-अनिकाचित, कर्मस्थिति, पश्चिम स्कन्ध, अल्पबहुत्व, सर्वार्थ २४ ।

प्रश्न–क्या सम्पूर्ण २४ अनुयोग द्वारमय वाले से कहता है ?

उत्तर–नहीं, उसका छठा अनुयोग द्वार बंधन है उससे कहता हूँ । उसके चार भेद हैं वे इस प्रकार हैं—बंध, बंधक, बंधनीय और बंधविधान ।

प्रश्न–क्या सम्पूर्ण चारों अनुयोग द्वारों से कहते हैं ?

उत्तर–नहीं, बंधविधान नामक चौथा अनुयोग द्वार है उससे कहता हूँ । उसके चार विभाग हैं । वे कौनसे हैं ?

तं जहा पगइबंधो, ठिइबंधो, अणुभागबंधो, पदेसबंधो त्ति मूलुत्तरपगइ भेयभिन्नो, ततो चउव्विहातोवि किंचि २ समुद्धरिय २ भणाभि । सत्थ संबंधो भणितो । वे इस प्रकार हैं :—

प्रकृति बंध, स्थितिबंध, अनुभाग बंध और प्रदेश बंध । वह बंध मूल प्रकृति और उत्तर प्रकृति भेदवाला है ।

उस चार प्रकार के बंध में से कुछ कुछ ले ले कर कहता हूँ ।

शास्त्र संबन्ध बतला दिया गया

पुव्वि जीवट्ठाणगुणट्ठाणेसु सारजुत्ताओ गाहाओ भणामि त्ति भणिअं, ताओ केरिसि ? सत्थाहिगाराओ त्ति तासि अत्थाहिकारणि खूणत्थं दो दारगाहओ—गाथा सूत्र २–३

उवओग जोगविही जेसु य ठाणेसु जत्तिया अत्थि जप्पच्चइओ बंधो होइ जहा जेसु ठाणेसु–२। बंधं उदयमुदीरण विहिं च तिण्हंपि तेसि संजोगं बंधविहाणे य तहा किंचि समासं पवक्खामि–३।

पहले यह बतलाया गया है कि :—'जीवस्थानों और गुण स्थानों में सार युक्त गाथाओं को कहता हूँ।' वे कैसी हैं ? सत्वाधिकार की हैं ऐसा जानना चाहिए। अर्थाकार के निरूपण करने के लिये वे दो गाथाएँ हैं।

दूसरे और तीसरे गाथा सूत्र का अर्थ

उपयोग विधि और योग विधि जिन गुण-जीव-स्थानों में जितनी है। और जिस प्रत्यय से जहां जिन स्थानों में बंध है तथा बंध को, उदय-विधि को, उदीरणा विधि को और उनके संयोग को बंध विधान में जैसा कहा है वैसा कहता हूँ किन्तु किंचित् संक्षिप्त कहता हूं।

व्याख्या :—

उवयोगविही जेसु य ठाणेसु जत्तिया अत्थि त्ति, उपयुज्यत इति उपयोगः आसन्नो योगो उपयोगो, उव जुञ्जति इति वा उवओगो, अविरहिय जोगो वा उवजोगो संसारत्थाणं णिव्वुयाणं च जीवाण सव्वकालं तेण जोगो त्ति काउं उवओगो वुच्चति। किं कारणं ? जीवस्वभावत्वात्। तव्विरहिओ जीवो ण भवइ ति।

उपयोग विधि जिन जीवस्थानों और गुण स्थानों में जितनी हैं इति (ऐसा जानना चाहिए)।

उप योजित किया जाता है अतः उपयोग है उपयुक्त होता है इसलिए उपयोग है या अविरहित योग उपयोग है चूंकि संसारस्थ और निर्वाण प्राप्त जीवों के सदा काल उसके साथ योग होता है इसलिये उपयोग कहते हैं।

प्रश्न—सदा काल उसके साथ योग तादात्म्य क्यों है।

उत्तर—चूँकि वह जीव का स्वभाव है उसके बिना उपयोग के बिना जीव नहीं होता है।

सो दुवि हो–सागारोव ओगो अणगारोव ओगो य।

वह दो प्रकार का है—साकारोपयोग और अनाकार उपयोग।

सागारोव ओगो सव्वावहारणं दव्वाइविसेस विन्नणमित्यर्थः।

(सामान्य और विशेष आत्मक) वस्तु के स्वरूप का निश्चय या अव धारण साकार उपयोग है अर्थात् रूपादिक का विशेष विज्ञान साकार उपयोग है।

तेसिं चेव सामन्नत्थाव बोहो खंधावारोपयोगवत् सो अणागारोव ओगो।

और उन्ही का सामान्य अर्थावबोध स्कंधावार के उपयोग की भांति अनाकार उपयोग है।

पंचविहं णाणं अन्नाणंतिग च सागारोवयोगो।

पांच प्रकार का ज्ञान है और तीन भांति का अज्ञान साकारोपयोग है।

ज्ञान अर्थात् सम्यग्ज्ञान, अज्ञान अर्थात् मिथ्याज्ञान।

चक्खु-आइ-चउविहं दंसणं अणागारोवओगो।

चक्षुदर्शन आदि चार प्रकार का दर्शनोपयोग (है वह) अनाकार उपयोग हैं।

तत्थ पंचविहं णाणं आभिणिबोहि याइ। जो पांच प्रकार का ज्ञान है वह अभिनिबोध आदिक है।

तत्थ पंचण्हमिंदियाणं मणोछट्ठाणं उग्गहादयो चत्तारि भेया तेहिं य सुयाणुसारेण घडपड संखाइ विन्नाणं संपयकालीयं तमाभिणिबोहियं।

पांच प्रकार के ज्ञान में, पांच इन्द्रिय और छठे मन के निमित्त से होने वाले अवग्रहादिक चार भेद और उनसे श्रुतानुसार घट पट संख्या आदि का विज्ञान सप्रति काल में होता है वह आभिनिबोधिक है।

इंदिय-मणो-णिमित्तं अतीतादिसु अत्थे सुसुयाणुसारेण ज णाणं उप्प-ज्जइ तं सुयणाणं, आभिणिबोहियं पि तत्थत्थि जेण तं पालिइ।

इन्द्रिय और मन के निमित्त से अतीत आदि अर्थों में श्रुतज्ञान के अनुसार जो ज्ञान उत्पन्न होता हैं वह श्रुतज्ञान हैं आभिनिबोध भी उस में है जिससे कि वह पाला जाता है।

इंदिय-मणो-णिरवेक्खं अणावरीय-जीव-पएस-खवबोसम-णिमित्तं साक्षात् ज्ञेय ग्राहि तदवधिज्ञानं। प्रदीप-ज्वाला-कटकान्तर्गत-विनिर्गत-प्रकाश घटादि प्रकाशवत्।

इन्द्रिय और मन से निरपेक्ष आवरण रहित जीव प्रदेश में क्षयोपशम के निमित्त से होने वाला साक्षात् ज्ञेय को ग्रहण करने वाला वह अवधि ज्ञान है जैसे प्रदीप का ज्वाला और कटक के अन्तर्गत से निकले हुए प्रकाश और घटादि प्रकाश।

मरणत्ते एां गहेऊरणं पोग्गले जाराइ जीवो जेहिं ते मरणो भरणंति, तेसिं पोग्गलाणं पज्जाया मणोपज्जाया तेसु जाणं मरणपज्जवणाणं। तहेव सुद्धा जीवपदेसा परिच्छिंदन्ति त्ति पोग्गले णिमित्तं काउण तीयाणागय वट्टमाणे भावे पलि ओवमासंखेज्जइ भागे पच्छाकडे पुरे कडे समोव समाओ माणुसखेते वट्टमाणे जाणइ ण परतो, तं मरणपज्जवरणाणं।

मनरूप से ग्रहण करके पुद्गल के विषय को जीव जिनसे जानता वे मन हैं। उन पुद्गलों की पर्यायें मन पर्य्यायें हैं उनके विषय में जो ज्ञान होता है वह मनःपर्यय ज्ञान है। वैसे ही शुद्ध प्रदेश जानते हैं अतः वे पुद्गल को विषय मिमित्त बनाकर अतीत अनाग वर्तमान पदार्थ में पल्योपम के असख्यातवें भाग में पश्चात्वर्ती और पूर्ववर्ती विषय को क्षयोपशय से मनुष्य क्षेत्र मे वर्तमान को जानते है उस परिमाण से अधिक को नहीं उतना जानना है वह मनःपर्यय ज्ञान है।

केवल सकलं सम्पूर्णं जीवस्स णिस्सेसावरण खय-संभूयं, अहवा सव्व-दव्व-पज्जाय-सकला बोहणेण वा केवल अच्चंत खाइयं केवलणाणं।

केवल अर्थात् अतीन्द्रिय केवलज्ञान अखण्ड है या परिपूर्ण हैं। जीव के निःशेष ज्ञानावरण के क्षय से उत्पन्न हुआ है अथवा सम्पूर्ण द्रव्य और सम्पूर्ण पर्यायों को सम्पूर्ण या सकल रूप से जानने के कारण भी केवल (ज्ञान) अत्यंत क्षायिक केवलज्ञान है।

मूलिल्लेसु तिसु णाणेसु अण्णाण भावो वि होज्जा, मिच्छत्तोदया, पित्तोदया-व्याकुली-कृत चित्तस्य शुक्लरूप विपर्ययात् पीताभासि रूपवत् मति श्रुतावधयश्च विपर्यासं गच्छन्ति।

मूलवर्ती तीन ज्ञानों में अज्ञान भाव भी हो सकता है। मिथ्यात्व के उदय से मुक्त मति श्रुत और अवधि ज्ञान पित्त के उदय से व्याकुल किये गये चित्त के शुक्लरूप विपर्यय से पीले-आभास वाले चित की तरह विपर्यास को प्राप्त होते हैं।

प्रश्न—कथं ? कैसे ?

उत्तर—कटुकालाबु—गद्रव्योपक्षिप्त-क्षीर-सर्करादि-द्रव्य-विपर्ययासवत्। भाजन-विशुद्धितश्च दव्वाणमविणासो दिट्ठो जहा सुपरि-सुद्धालाबु-दव्वोपक्षिप्त-खीरादिदव्वाविवत्तिवत् तथा च तत्वार्थ श्रद्धानं अहवा विस-सम्मीस-ओसह-संपर्क वत् मइघातोववूहणं च।

जैसे कटु तुम्बी गत द्रव्य में रक्खे गये क्षीर शर्करादि द्रव्य विपर्यास को प्राप्त होते हैं। और भाजन की विशुद्धि से द्रव्यों का विनाश विपर्यसरूप नहीं देखा जाता है जैसे कि (राख जल द्वारा) सुपरि शुद्ध तुम्बी द्रव्य में रक्खा

गया क्षीर आदि द्रव्य विकृत नहीं होता है और वैसे तत्वार्थ श्रद्धान होता है। अथवा विष मिश्रित औषध के संपर्क की भांति मति घात भी पाया जाता है।

एते अट्ठ सागारोव ओगा। ये आठसाकार उपयोग हैं।।

अणागारोव ओगो चउव्विहो चक्खुदंसणाइ चक्खु'दिय समान्नत्थाव बोहो चक्खु-दंसणं। सेसिंदियमणो समान्नत्थाव बोहो अचक्खुदंसणं। ओहि-णाणेण सामन्नत्थावगहणं ओहि दसणं। केवलणाणेण सामन्नग्गहणं केवल दंसणं।

अनाकार उपयोग चार प्रकार का है चक्षु दर्शन आदि। चक्षु इन्द्रिय से सामान्य अर्थावबोध चक्षु दर्शन है। शेष इन्द्रिय और मन से सामान्य अर्थ का अवबोध (या ग्रहण) अचक्षु दर्शन है अवधि ज्ञान के (द्वारा) सामान्य अर्थ का ग्रहण अवधिदर्शन है। केवल ज्ञान दर्शन के (द्वारा) जो सामान्य ग्रहण है वह केवल दर्शन है।

एवमेते बारस उवयोगा परूविया इस प्रकार ये बारह उपयोग बतलाये गये।

प्रकृतयों में निराकार ज्ञान दर्शन और साकार ज्ञान सविकल्प बोध है।

'जोगो' त्ति "जोगो विरियं थामो, उच्छाह-परक्कमो तहा चेट्ठा।
सत्ती सामत्थं चिय जोगस्स हवंति पज्जाया ।।१।।

वीरियंतराइ खयोवसम-जणिएण पज्जाएण जुज्जइ जीवो अणेणेति योगो, अहवा जुंजइ जीवो वीरियंतराइ खयोवसम जणियपज्जाय मिति जोगो "मणसा वाया काएण, वधिजुत्तस्स वीरिय-परिणामो। जीवस्स अप्पणिज्जे सजोग सन्नो जिणक्खाओ ।।१।।"

तेजो जोगेण जहा रत्तात्ताइ घडस्स परिणामो।
जीव-करणप्प ओगे बीरियमवि तहप्प परिणामो ।।२।।

सो मण-जोगाई तिविहो दुब्बलस्स यष्टिकादि-द्रव्यवत् उवट्ठंभकरो, अहवा जोगो वावारो यणमाइणं।

प्रश्न—सूत्र में 'योग' ऐसा शब्द आया है [वह योग क्या है? योग का स्वरूप क्या है? उसके पर्यायवाची कौन है?]

उत्तर—उसका समाधान निम्न प्रकार से हैं: —

"योग, वीर्य, थाम, (शक्ति) उत्साह, पराक्रम, चेष्टा शक्ति तथा सामर्थ्य ये योग की पर्यायें हैं (योग के पर्यायवाची हैं)।" वीर्यान्तराय कर्म के क्षयोपशम से उत्पन्न हुए इस पर्याय के द्वारा जीव युक्त होता है वह योग है अथवा जीव वीर्यान्तराय के क्षयोपशम से उत्पन्न पर्याय को जोड़ता है वह

योग है।" मन वचन या काय से अवियुक्त जीव का निजी वीर्य परिणाम योग संज्ञा वाला जिनेन्द्र के द्वारा बतलाया गया है जैसे अग्नि के संयोग से रक्त अरक्त आदि घड़े का परिणाम होता है वैसे जीव के कारण प्रयोग के हेतु से वीर्य भी निजी परिणाम वाला होता है। वह मनोयोग आदि के भेद से तीन प्रकार का है, जैसे कि दुर्बल की लाठी आदिक अवलंबन रूप है वैस वह भी सहयोग करने वाला है अथवा मन आदिक का व्यापार योग है।

मण जोगो चउव्विहो सच्चमणोजोगो जाव असच्चामो समणो जोगो।

सत्यमनों योग से लेकर अनुभय मनोयोग तक मनोयोग चार भांति का है।

मण जोगस्स सच्चतं मोसत्तं सच्चमोसत्तं असच्च मोसत्तं वा णत्थि, किंतु णोइंदियावरण-खयोवसमेण मण-णाण-परिणयस्स जीवस्स बलाधार भूयस्स जोगस्स सहचरियत्तातो सच्चादिव वदेसो, जहा बालस्य बलाधाणकारणं अन्नं पाणा इति।

अहवा जोगस्सेव पाहन्न विवक्खया सच्चास च्चाइ परिणामो, जहा बाहिर कारणनिरवेक्खो नाण-परिणामो तच्चातच्चववएसो भवति। एवं वाया करणेण जोगो वइजोगो।

वइजोगोवि चउव्विहो तहा चेव। सच्च मोसत्तं कहमिति चेत्? भन्नंति, तं जहा-असोगवणं चपयवणमिति। अन्नेसु वि रुक्खेसु विज्जुमाणेसु असोगवणं चंपयवण मेवेति, णाण, ववहारो वा तस्स बलाधाण कारण भूतो जोगोवि तव्वदेस भागी भवति।

मनोजोग के सत्यत्व असत्यत्व सत्य-मृषापन या असत्य-मृषापन नही है किंतु नो इन्द्रियावरण के क्षयोपशम से मनज्ञान रूप परिणत जीव के बलाधान का कारण अन्न और पान है।

अथवा योग का ही प्रधान विवक्षा से सत्य असत्य आदि परिणाम होता है जैसे बाह्य कारण निरपेक्ष ज्ञान तत्व और अतत्व व्यपदेश वाला होता है। इस प्रकार वाचाकरण के साथ योग वचन योग है।

वचन योग भी उसी प्रकार चार भांति का है 'सत्य-मृषापन' कैसे है? ऐसा प्रश्न होने पर कहते हैं। वह इस प्रकार है:—जैसे अशोकवन, चंपकवन, अन्य वृक्षों के विद्यमान होने पर भी अशोकवन चंपकवन ही है ऐसा ज्ञान या व्यवहार उसके बलाधान का कारण भूत है। योग भी उसी प्रकार उस व्यपदेश का भागी होता है।

कायजोगो सत्तविहो, तं जहा—ओरालिय कायजोगो, ओरालिय-मिस्स-कायजोगो, वे उव्विय, वे उव्विय-मिस्सओ आहारगो, आहारग मिस्सओ, कम्मइग-कायजोग इति ।

तत्थ ओरालियमिति, ओरालं उरलं महत् वृहच्चेति एगट्ठं । उरालमेव ओरालियं ओराले हवं वा ओरालियं ।

कहमुदारत्तं ? भन्नइ—पदेसो असंखेज्ज गुणहीणत्तादो ओगाहणातो असखेज्जगुणब्भिहिय मिति ।

ओरालिय काएण जोगो ओरालिय काय जोगो । ओरालिय मिस्स काय-जोगोत्ति मिस्समिति अपड़िपुन्नं, जहा गुड़ मिस्सं अन्न-दव्वं गुडमिति बण ववदिस्सति, अन्नमिति व न ववइस्सइ, गुडेतर दव्वेण अपड़िपुन्नत्ताओ, एव मिहावि ओरालिय कम्मइग-सरीर-द्रव्य-मिश्रत्वात् मिश्र व्यपदेशः ।

काय योग सात प्रकार का है वह इस प्रकार है :—औदारिक काय योग, औदारिक मिश्र काययोग, वैक्रियिक काय योग, आहारक, आहारक मिश्र और कार्मण काय योग । इति ।

उनमें से 'औदारिक' ऐसा काय योग है । ओराल उदार, उरल, महत्, बृहत् ये एकार्थ वाची हैं उराल ही-उदार है औदारिक है उदार निमित्त मे से होने वाला औदारिक है ।

उदार पना कैसे है ? कहते हैं—प्रदेश की अपेक्षा असख्य गुणा—हीन होकर भी अवगाहना की अपेक्षा से असख्यात गुण-अधिक है । इति ।

औदारिक काय के साथ जो योग है वह औदारिक काय योग है । औदारिक मिश्र काय योग भी से मिश्र अपरिपूर्ण है जैसे गुड़ से मिला हुआ अन्य द्रव्य गुड़ व्यपदेश को नही पाता, न अन्न संज्ञा को चूँकि गुड़ से इतर द्रव्य से वह मिला हुआ है निखालिस नही है इसी प्रकार औदारिक और कार्मण शरीर द्रव्य का मिश्रण होने से मिश्र संज्ञा होती है ।

अथवा सरीर-कज्ज-पयोयणा करणाओ मिस्सं, अपरिनिष्ठित घटवत् । जहा अपरिनिट्ठितो घड़ो जलधारणादिसु असमत्थो घड़ोवि घडववदेसं न लभते, एवमिहावि अपडिपुन्नत्तातो अपरिणिट्ठित्तो त्ति मिस्समिति ववदिस्सते एवं सव्वत्थ मिस्स-विही ।

विविह इड्ढि-गुणजुत्तमिति वेउव्वियं अहवा त्रिविहा क्रिया विक्रिया, विक्रया एव वैक्रियं, विक्रियायां वा भवं वैक्रियं वे उव्विय-काएण जोगो वेउव्विय-काय जोगो मिश्रं पूर्ववत् ।

णिपुणाणं वा णिद्धाणं वा सुहुमाणं वा आहारय-दव्वाणं सुहुमतरमिति आहारकं, आहारेइ अणेण सुहुमे अत्थे इति वा आहारगं अहारग-काएण जोगो आहारगकाय जोगो । मिश्रं पूर्ववत् ।

अथवा शरीर के कार्य प्रयोजन को नहीं करने से मिश्र योग होता हैं जैसे कि अपरिपूर्ण घड़ा । जैसे अपूर्ण बना घड़ा जल के धारण आदि कार्यों में असमर्थ है घड़ा होकर भी घड़ा इस संज्ञा को प्राप्त नहीं होता है । इसी प्रकार इस मिश्रयोग के विषय में भी अपूर्ण होने से अपरिनिष्ठ है इसलिये मिश्र कहलाता है इसी प्रकार सर्वत्र मिश्रयोग की विधि है !

नाना प्रकार की अणिमादिक ऋद्धि गुण युक्त वैक्रियिक है अथवा विविध क्रिया विक्रिया है । विक्रिया ही वैक्रियिक है अथवा विक्रिया में होने वाला वैक्रियिक है । वैक्रियिक काय के द्वारा योग वैक्रियिक काय योग है । मिश्र पूर्ववत् है ।

निपुण या स्निग्ध या सूक्ष्म भी आहारक द्रव्यों का सूक्ष्मतर ऐस आहारक है । इसकी सहायता के द्वारा जीव सूक्ष्म अर्थों को जानता है इसलिये भी आहारक है । आहारक काय के द्वारा जो योग है वह आहारक काय योग है । मिश्र पूर्ववत् है ।

कम्ममेवेति कम्मइगं, कम्मणि भवंपवा कम्मइगं । कम्म-कम्मइगाण-मणाणत्तमितिचेत् ? तन्न. कम्मइगस्स कम्मइय-सरीर-णामोदयनिष्पन्नत्वात्, किंतु कम्मइग-सरीर-पोग्गलाण कम्मपोग्गलाणं च सरिस वग्गणत्तातो तंमि चेव तस्स ववदेसो । सव्व-कम्मप्परोहणुप्पातगसुह-दुक्खाण बीय भूयं कम्माइग सरीरं, तेण जोगो कम्मइग-काय जोगो । एवमेते पन्नरस-जोगा परूविवा ।

कर्म ही कार्मण है या कर्म में होने वाला कार्मण है । कर्म और कार्मण के विषय में इससे अज्ञान प्राप्त होता है यदि ऐसा कहते हो तो वह ठीक नहीं है क्योंकि कार्मण का कार्मण शरीर नाम कर्म के उदय से निर्माण होता है । किन्तु कार्मण शरीर पुद्गलों के और कर्म पुद्गलों के समान वर्गणा होने से उसमे ही उसका व्यपदेश होता है ।

सम्पूर्ण कर्म प्ररोहण का उत्पादक और सुख दुःख का बीज भूत कार्मण शरीर है उसके द्वारा जो योग है वह कार्मण काय योग है ।

इस प्रकार ये पदरह काय योग बतलाये गये हैं ।

'उवजोगाजोग विहित्ति । विधिसद्दो पत्तेय पत्तेयं संबज्झइ-उवओग-विहि जोग विही/विहाणं भेदो विगप्पो जेसु य ठाणेसु त्ति/जीवट्ठाण गुण ट्ठाणेसु जत्तिया अत्थि त्ति/जावदिया अत्थि अमुगंमि जीवट्ठाण-गुणट्ठाणं मि य जत्तिया उवओगा जोगाय संभवति त्ति एयंमि पगरणे एयं भणति ।

'अप्पच्चइओ बंधो' ति, पच्चयो हेउ कारणं णिमित्त' एगट्ठं, पच्चयो चउव्विहो मिच्छत्त', असंजमो, कसाया जोगा ति। अमुगमि गुणट्ठाणे अमुग पच्चइगं कम्मं बज्झइ त्ति एयंपि एत्थ भन्नइ। 'होइजहा' इति णाणावरणा-दीणं कम्माणं बंधो जहा होइत्ति विसेसपच्चाओ सूइओ, एयंपि भिन्नइ' जेसु, ठाणेसु' त्ति उवरिल्ल पएण समं संबज्झइ।

'उपयोग-योग विधि' इति। ऐसा कहा गया हैं विधि शब्द प्रत्येक के साथ सबंधित होता है। उपयोग-विधि, योगविधि। विधान, भेद और विकल्प जिन स्थानों में है जीवस्थान और गुणस्थानों में जितने हैं। अमुक जीव स्थान और गुण स्थान में जितने हैं। और जितने उपयोग योग संभव हैं इस प्रकार एक प्रकरण में यह कहता है।

'जिस प्रत्यय से बंध होता है' ऐसा सूत्र में कहा है प्रत्यय, हेतु, कारण, निमित्त ये एकार्थवाची हैं। प्रत्यय चार प्रकार का है मिथ्यात्व. असयम कषाय और योग। अमुक गुणस्थान में अमुक प्रत्यय से बंध होता है यह भी यहां बतलाया गया है। 'होइजहा' अर्थात् ज्ञानावरणादिक का बंध जैसे होता है इस प्रकार विशेष प्रत्यय सूचित किया है 'यह भी कहा जाता है' जिन स्थानों में इस प्रकार के पद के साथ संबंधित किया जाता है।

जेसु गुणट्ठाणेसु बंधोदयो जत्तिया अत्थित्ति एयंपि एत्थ वुच्चइ ॥२॥

'बंध उदयं उदीरणा विधि च' ति विधि सद्दो पत्तेयं संबज्झइ। बंध विगप्पो उदयविगप्पो उदीरणा-विगप्पो य। ते जेसु ठाणेसु जत्तिया संभवंति त भन्नति। 'बधो' त्ति। सुहुम बायरेहिं पोग्गलेहिं घट धूमवत् णिरंतरं निचितेलोके कम्मजोग पोग्गले घेतु सामन्नविसेसपच्चएण जीव-पएसेसु कम्मत्ता ते परिणामणं बंधो वुच्चइ उक्त' च:—

"जीव परिणाम हेत्तु कम्मत्ता योग्गला परिणमति।
पोग्गल कम्मणिमित्त' जीवेवि तहेव परिणमइ ॥१॥"

तस्सेव बंधावलिया तीतस्य विवाग-पत्तस्स अणुभवणं उदयो।

उदयावलिया तीताणं अकालपत्ताणं ठीइण उदीरिय उदीरिय उदयाव-लियाए पक्खिवियदलियं पयोगेण उदयपत्तठिइए सह अणु भवणं उदोरणा।

'जिन स्थानों में बंध उदय जितने हैं' यह भी प्रकृत में बतलाया जाता हैं।

'बंध-उदय और उदीरणा विधि को' इसमें विधि शब्द प्रत्येक के साथ संबंधित करना चाहिए। बंध विकल्प, उदय विकल्प और उदीरणा विकल्प

के जिन स्थानों में जितने संभव हैं' उसको बतलाते हैं। 'बंध' ऐसा कहा है। सूक्ष्म और बादर पुद्गलों के द्वारा घडे और धूम की भांति निरंतर भरे हुए लोक में कर्म योग्य पुद्गलों सामान्य और विशेष प्रत्यय के निमित्त से जीव प्रदेशों में ग्रहण कर्म रूप का परिणमन बंध है कहा भी है: —

"जीव के परिणाम के हेतु को पाकर कर्म रूप से पुद्गल परिणमन करते हैं तथा पुद्गल कर्म के निमित्त से जीव भी उसी प्रकार परिणमन करता है ॥१॥"

उसी के बंधावली से अतीत विपाक प्राप्त का अनुभव उदय है। उदयावली से अतीत अकाल प्राप्त स्थिति को उदीरित करके उदयावली में क्षेपणकर दलित कर प्रयोग से उदय प्राप्त स्थिति के साथ अनुभवन उदीरणा है।

'तिण्हपितेसि संजोगं' ति बंधोदग्रो दीरणाणमेव संवेहो संजोगो सो अमूगंमि ठाणे अमुको संभवइत्ति तं भन्नइ। 'बंध विहाणे' ति बंधस्स विहाणं बंध विहाणं बंध भेद इत्यर्थ:।

बंधो चउव्विहो, पगइबंधों, ठिइबंधो अणुभागबंधो पएसबंधो य। चउण्हवि बंधाणं मोयगदिट्ठतो। जहा-कोइ मोयगो समिति, गुड-घृत-कटुहुंडादि-दव्व-संबंधो, कोइ वायहरो, कोइ पित्तहरो, कोइ निरोगो, कोइ कप्फहरो कोइ मारगो. कोइ बलकरो, कोइ बुद्धिकरो कोइ वामोहकरो, एव कम्माणं प्रकृति: स्वभाव: कोइ णाणमावरेइ, कोइ दंसणं कोइ सुख दुक्खाइ वेयणमित्यादि।

'उन तीनों के संयोग का 'अर्थात् बंध उदय और उदीरणा का संवेध-संयोग। वह अमुक स्थान में अमुक सभव है। उसको कहा जाता है। 'बंध विधान में अर्थात् बंध का विधान बंध विधान है बंध भेद।

चौदहगुण स्थानों की अर्थनिरूपणा की गई।

इयाणि ते चेव गइयाइमगणट्ठाणे सु मग्गिज्जन्ति

दसवां गाथा सूत्र

सुरनारएसु चत्तारि हुंति तिरऐसु जाण पंचेव।
मणुयगईए वि तहा चोद्दस गुणनामधिज्जणि ॥१०॥

व्याख्या—'सुरनारगेसु' त्ति गई चउव्विहा, णिरयाइ 'सुरणारगेसु चत्तारि होंति', त्ति, देवणेरइगेसु चत्तारि गुणट्ठाणि मूलिल्लाणि भवन्ति, तेसु विरई णत्थि त्ति काउं उवरिल्लाणि णभवन्ति। 'मणुयगईए वि तहा चोद्दसगुण णामधेज्जाणि' त्ति मणुस्सगईए चोद्दस्स वि गुणट्ठाणाणि, कहं ? सव्वे भावा मणुएसु सम्भवन्ति ॥१०॥

एवं मग्गणट्ठाणेसु णेयव्वं अइसंखित्तत्ति काउं भणइ—

अब गति आदि मार्गणाओं में वे ही गुणस्थान खोजे जाते हैं।

देव और नारकीयों में चार गुणस्थान होते हैं और तिर्यन्चों में पांच ही गुण-स्थान हैं ऐसा जानों। तथा मनुष्य गति में चौदह गुणस्थान हैं।

गति चार प्रकार प्रकार की है—नरकादि। देव नारिकीयों में चार गुण स्थान होते हैं। देवनारकीयों में प्रारम्भ के चार गुणस्थान होते हैं उन में व्रत नहीं है। इसलिये उपर के पंचमादि गुणस्थान नहीं होते हैं। 'तिरिएसु जाण पंचेव' त्ति तिरियगईए पंचगुण ट्ठाणाणि मूलिल्लाणि' तिर्यन्चगति में मूल के पांच गुण स्थान है तेसु सव्व विरई णत्थि त्ति काउं उवरिल्लाणि ण सम्भवन्ति। विरति न होने से उपर के गुणस्थान नहीं हैं तथा मनुष्यगति में चौदह गुणस्थान होते हैं कैसे ? चूंकि सर्वभाव मनुष्यों में सम्भव हैं।

ऐसे अतिसंक्षिप्त करके कहते हैं मार्गणाओं में ले आना चाहिए।

इंदिएत्ति—एगिंदियाईणि पुव्व वण्णियाणि चोद्दसवि जीवट्ठाणाणि (तेसु) सव्वेसुवि मिच्छद्दिट्ठी लब्भइ। बायरेगिंदिय—वि—ति—चउ—असन्नि पंचिंदिएसु लद्धीपज्जत्तगेसु करणेण अपज्जत्तगेसु, सन्निपंचिन्दिएसु करणपज्जत्तीएसु करण पज्जत्तीए पज्जत्तापज्जत्तगेसु सासायण सम्मद्दिट्ठी लब्भइ, लद्धि अपज्जत्तगेसु सव्वत्थ णत्थि। सेसा सव्वेवि सन्निपज्जत्तगम्मि करण पज्जत्तिए पज्जत्तगम्मि लभन्ति, णवरि असंजय सम्मद्दिट्ठी करणपज्जत्त पज्जत्तगेसुवि लब्भन्ति।

[किसी के मत से एकेन्द्रिय से असैनी तक में सासादन नहीं हैं। किसी के कथन से वह बादर एकेन्द्रियादिक में किसी अपेक्षा से वह हो सकता है किन्तु वह तत्काल में घटित नहीं होता है तो भी उसका सग्रह किया है। संभव है निकट भूतपूर्व नेगम की अपेक्षा ऐसा कहा है।]

इन्द्रिय मार्गणा में—एकेन्द्रियादि पूर्व में वर्णित चौदह जीव समास हैं उनमें सबके सब में भी मिथ्यादृष्टि पाया जाता है बादर, एकेन्द्रिय—दो इन्द्रिय. तीन इन्द्रिय चौ, इन्द्रिय असैनी पचेन्द्रियों में लब्धि अपर्याप्तकों में, निवृत्ति के द्वारा अपर्याप्तकों में सैनी पचेन्द्रियों में निवृत्ति पर्याप्तकों मे निवृत्ति पर्याप्ति में पर्याप्ता पर्याप्तों में सासादन—सम्यग्दृष्टि प्राप्त होता है लब्धि अपर्याप्तकों में सर्वत्र सासादन नहीं है। शेष सब सैनी पर्याप्तकों में निवृत्ति पर्याप्तियों में पर्याप्त में प्राप्त होते हैं इतना विशेष है कि—असंयतसम्यग्दृष्टि निवृत्ति पर्याप्त पर्याप्तों में भी प्राप्त होते हैं।

[करण—अर्थात् इन्द्रिय, या शरीर इन्द्रियादि की निवृत्ति रचना विशेष अवश्यपूर्ण होगी वह निवृत्ति या करण के नाम से सूचित किया है भले ही वर्तमान में वह अपूर्ण हो।]

काएत्ति—पुढवि आइ जाव तसकाइओत्ति, मिच्छद्दिट्ठी सव्वेसुवि; बायर पुढवि आउपत्तेय वणस्सइगेसु लद्धिपज्जत्तगेसु करण अपज्जत्तग काले चेव सासणों लब्भइ, तेसु उववज्जति त्ति काउं, तसेसुवि लद्धिए पज्जत्तगेसु करणपज्जत्तगा—पज्जत्तगेसु लब्भति, तसेसु एव चेव अस्संजयसम्मद्दिट्ठीवि। सेसा सव्वे तसकाय-पज्जत्तगेसु करणपज्जत्तीए पज्जत्तगेसु चेव लब्भन्ति॥ जोगो अविकृतः॥

वेदेति—मिच्छद्दिट्ठीप्पभिइ जाव अणियट्टिअद्धाए सखेज्जतिभागमेत्तं सेसत्ति ताव तिसुविवेएसु लब्भन्ति, हेट्ठील्ला सव्वे सवेयगा, उवरिल्ला अवेयगा॥

कायमार्गणा में पृथ्वी आदि से त्रसकाय पर्यन्त हैं। मिथ्यादृष्टि सब कायों में हैं। किन्तु सासादन बादर पृथ्वी जल और प्रत्येक वनस्पति के लब्धि पर्याप्तकों मे करण अपर्याप्त काल में ही प्राप्त होता है। यह कथन 'उनमें वह उत्पन्न होता

है इस अपेक्षा से है'। त्रसों में भी लब्धि पर्याप्तकों में निवृत्ति पर्याप्तक और निवृत्ति अपर्याप्तकों में प्राप्त होता है। त्रसों में इसी प्रकार असंयत सम्यग्दृष्टि भी होता है शेष सब त्रसकाय पर्याप्तकों में निवृत्ति पर्याप्त में पर्याप्तकों में ही प्राप्त होते हैं।

योग (का व्याख्यान आगे करेंगे अतः) अधिकृत है।

'वेद'—मार्गणा में मिथ्यादृष्टि आदि से लेकर अनिवृत्ति बादर सांपराय के काल विशेष में संख्यात भाग मात्र शेष रहने तक तीन वेद प्राप्त होते हैं। नीचे के सब गुणस्थान सवेद हैं उपर के गुण स्थान भाववेद से रहित हैं।

कसायत्ति—मिच्छद्दिट्ठीप्पभिइ जाव अनियट्टि अद्धाए ससेज्जइ भागमेव सेसत्ति हेट्ठिल्ला सव्वेवि कोहमाण मायासु लब्भन्ति उवरिल्ला अप्पकसाइणो सव्वे। लोभंमि जाव सुहुम रागस्स चरिम समओ त्ति जाव हेट्ठिल्ला सव्वेवि लब्भति, सेसा अकसाइणो॥ णाणाणि अधिकृतानि॥ संजमत्ति—मिच्छद्दिट्ठीप्पभिइ जाव असंजय सम्मद्दिट्ठी ताव सव्वे असजया, संजयासंजयो एक्कंमि चेव संजयासंजयट्ठाणे, सामाइयछे ओवट्ठावणसंजमेसु पमत्तसंजमप्पभिई जाव अणियट्टि त्ति सव्वेवि। परिहारविसुद्धि संजमें पमत्तापमत्तसंजया, सुहुमसंपराइओ एक्कंमि चेव सुहुम सपराइय संजयट्ठाणे, उवसंताइ जाव अजोगि त्ति सव्वे अहक्खायसंजयट्ठाणे॥ दसण मधिकृतं॥

कषाय मार्गणा में—मिथ्यादृष्टि से अनिवृत्ति काल के संख्यात भाग शेष रहने तक नीचे के सब ही क्रोध मान माया में प्राप्त होते हैं। इनमें उपर के सब अल्प कषाय वाले हैं। लोभ में सूक्ष्म सांपराय के चरम समय तक हैं नीचे के सब ही गुणस्थान लोभ प्राप्त हैं। शेष कषाय के उदय से रहित हैं। ज्ञान अधिकृत हैं।

संयममागणा में—मिथ्यादृष्टि आदि असंयत सम्यग्दृष्टि पर्यंत असंयत हैं, संयतासंयत एक संयतासंयत स्थान में ही हैं। सामायिक छेदोपस्थापना संयमों में प्रमत्त संयमादि से अनिवृत्ति तक सब ही हैं। परिहार विशुद्धि संजम में प्रमत्त और अप्रमत्त संयत हैं और सूक्ष्म सांपराय एक सूक्ष्म सांपराय संयमस्थान में ही है। उपशांतमोहादि अयोग केवली पर्यन्त सब अथाख्यात संजम स्थान में होते हैं।

"दर्शन अधिकृत है"।

लेसेत्ति—मिच्छद्दिट्ठीप्पभिई जाव असंओत्ति सव्वेवि छसु लेसासु, संजया-संजय पमत्तापमत्ता य तेउ आइ उवरिल्लतिगलेसासु केई भणन्ति संजया संजय पमत्तविरया य छसु लेसासु वट्टन्ति, अन्ने भणन्ति अबंत संकिलिटठस्स वब भावो

गत्थि, अन्ने भगन्ति ववहारप्रो भवइ, अपुव्व करणाइ जाव सजोगित्ति सव्वेवि सुक्कलेसाए वट्टन्ति अलेसिप्रो पुद्गल व्यापारा भावात् ।।

भव्वत्ति—मिच्छाइ जाव अजोगित्ति सव्वे भव सिद्धिकेसु वट्टन्ति, अभविकेसु मिच्छादिट्ठी वट्टइ समत्ताइ भावा अभिविएसु ग संभन्ति त्ति उवरिल्ला ग वट्टन्तित्ति ।

लेश्या मार्गणा में मिथ्यादृष्टि आदि असंयत तक सब छह लेश्याओं में वर्तते हैं। संयमासंयम प्रमत्त और अप्रमत्त तेजपीतादि उपर की तीन लेश्याओं में होते हैं। कितने कहते हैं कि संयतासंयत और प्रमत्तविरत छह लेश्याओं में वर्तते हैं; अन्य कहते हैं कि अत्यन्त संलेश परिणाम में व्रत भाव नहीं होता हैं, अन्य कहते हैं कि व्यवहार से वैसा होता है। अपूर्व करणादिक से सयोगी तक सब ही शुक्ल लेश्या में रहते हैं। पुद्गल व्यापार के अभाव से लेश्या रहित होते हैं।

भव्यमार्गणामें —मिथ्यात्वादिक से अयोगी तक हैं। सब भव सिद्धिकों में वर्तते हैं अभव्यों में मिथ्यादृष्टि रहता है सम्यक्त्व वगैरह भाव अभव्यों में उत्पन्न नहीं होते हैं। उपर के भाव नहीं होते अर्थात् प्रथम मिथ्यात्वगुणस्थान ही अभव्य के होता है।

संमेत्ति—सम्मद्दिट्ठी खागइसम्मद्दिट्ठीसु अविरवादि जाव अजोगी, वेदग-संम्मतं अविरयाई जाव उवसंत कसाग्रो, सेसा अप्पप्पणो ठाणे ।। सन्निति-मिच्छ-दिट्ठियादि जाव खीण-कसाग्रो सव्वेवि मन्निमि मिच्छद्दिट्ठी सासायणाय असन्निमिवि वट्टन्ति, सजोगी अजोगी य णोसन्नि णोग्रसन्नि, जम्रो केवणाणिणो।

आहारेत्ति-मिच्छादिट्ठि जाव सजोग केवली ताव सव्वे आहारणेसु लब्भन्ति, मिच्छाद्दिट्ठी सासण असंजयप्रो सजोगि-केवली य अणाहारगेसुवि लब्भंति, विग्गहे समुग्घाए य। अजोगी अणाहारगोचेव, कहं ? वाक्कायमणो-जोग-पुग्गल व्यापार रहितत्वात्।

गुणट्ठाणाणि मग्गणाठाणेसु मग्गियाणि ।।

सम्यक्त्व मार्गणा में—क्षायिकसम्यग्दृष्टि अविरतादि से अयोगी तक है, वेदक सम्यकत्व अविरतादि से अप्रमत्त तक में, उपशम सम्यक्त्व में अविरतादि से उपशांत कषाय तक हैं शेष अपने अपने स्थान में हैं।

सैनी में मिथ्यादृष्टि से क्षीणकषाय तक सब गुणस्थान संभव हैं। मिथ्या-दृष्टि और सासादन असैनी में भी किसी अपेक्षा से रहते हैं। सासादन असैनी में भूतपूर्व नैगम नय की अपेक्षा कहा हैं चूंकि वह मर कर असैनी में उत्पन्न हो सकता है। सयोगी और अयोगी न सैनी हैं न असैनी क्योंकि वे केवलज्ञानी हैं। अतीन्द्रिय ज्ञान वाले हैं।

आहारमार्गणा में-मिथ्यादृष्टि आदि से सहयोग केवली तक सब आहारक में हैं मिथ्यादृष्टि, सासादन असंयत और सयोग केवली अनाहारकों में भी पाये जाते हैं यह कथन विग्रहगति और समुद्घात की अपेक्षा से है और अयोगी अनाहारक ही हैं कैसे ? चूंकि वचन काय मन-योग और पुद्गल के व्यापार से रहित हैं।

गुणस्थान मार्गणाओं में मार्गित हुए

इयाणि उवओगा गुणट्ठाणेसु भवन्ति—

ग्यारहवां गाथा सूत्र

दोण्हं पंच उ छच्चेव दोसु एक्कंमि होंतिवा मिस्सा

॥ सत्तुवओगा सत्तसु, दो चेवयदोसुठाणेसु ११ ॥

व्याख्या:—

दोण्हंत्तिदोण्हं गुणट्ठाणाणं मिच्छादिट्ठि सासणाणं पंच पंच उवओगा भवन्ति, तं जहां ? मइअन्नाणं, सुयअन्नाणं, विभंगणाणं, चक्खुदंसणं, अचक्खु-दंसणं ति। अन्ने भवन्ति-ओहिदसण सहिया छ उवओगा अन्नाणकारणं पुव्ववक्खाणियं रोहिदंसणं चित्यं। 'छच्चेव दोसु' त्ति असंजयसंजया संजएसु एएसु दोसु छ उवओगा, तं जहा आभिणिबोहिसुय ओहि चक्खु अचक्खु ओहिदंसणमिति 'एकंमिहोंति वा मिस्स' त्ति सम्मामिच्छदिट्ठीम्मि वा मिस्सा इति कहं ? भन्नइ—

अब उपयोग गुणस्थानों में बतलाते हैं—

आरम्भ के दो गुणस्थानों में पांच उपयोग होते हैं। वे इस प्रकार हैं। मतिअज्ञान, श्रुतअज्ञान और विभंगज्ञान, चक्षुदर्शन और अचक्षुदर्शन। अन्य आचार्य कहते हैं। कि अवधिदर्शन सहित छह उपयोग होते हैं। अज्ञान के कारण को पहले बतला चुके हैं अवधि दर्शन (के विषय में) चिन्तनीय है। असंयत सम्यग्दृष्टि और सयातासंयत में छह उपयोग हैं वे इस प्रकार हैं:—आभिनिबोधिक, श्रुत, अवधि चक्षुदर्शन, अचक्षुदर्शन और अवधिदर्शन। एक मिश्रगुणस्थान में तीन मिश्र मिश्र ज्ञान और तीन दर्शन होते हैं। कैसे ? उसके उत्तर में कहते हैं:—

मइ अन्नाणं आभिणिबोहियणाणेण मिस्सियं, सुयअन्नाणं, सुयणाणमिस्सियं, विभंगणाणं ओहिणाणेण मिस्सियं, चक्खु अचक्खु होहिदंसणंति मिस्सि सद्दोअद्ध विशुद्धत्थे जहा अद्धाविसुद्धा कोद्दवा ते भुंजमाणस्स जेरिसी सरीरचेट्ठा तारिसं णाणं ति नासुद्धं नात्यर्थं सुद्धं वा 'सत्तूवओगा सत्तसु' त्ति पमत्त संजयाइ जाव खीणकसाओ ताव

सव्वेसुवि सत्त सत्त उवप्रोगा भवन्ति, असंजयसम्मद्दिट्ठीस्स पुव्वुत्ता छ. ते चेव मणपज्जवणाण सहिया सत्त दो चेव य दोसुगणेसु 'त्तिदोचेव उवप्रोगा दोसु सजोगि अजोगिट्ठाणेसु केवलणाणं केवलदंसणमिति ।।११।।

गुणट्टाणेसु उवओगा भणिया

मति अज्ञान आभिनिबोधिक ज्ञान से मिश्रित है,श्रुत अज्ञान श्रुतज्ञान से मिला है विभंग-ज्ञान अवधिज्ञान के साथ मिश्रित है चक्षु अचक्षु और अवधिदर्शन । (यहां)मिश्र शब्द अर्ध विशुद्ध अर्थ प्रयुक्त हुआ है जैसे अर्ध विशुद्ध मदन कोद्रव । उनके खाने वाले के जैसी शरीर की चेष्टा होती है उस प्रकार का ज्ञान है न अति अशुद्ध है और न अतिशुद्ध । प्रमत्त संयतादि क्षीण कषाय तक सब में सात सात उपयोग होते हैं असंयत सम्यग्दृष्टि के पूर्वोक्त छह वे ही हैं और मनः पर्यय ज्ञान सहित सात होते हैं । दो गुणस्थानों में दो उपयोग हैं । सयोग केवली और अयोग केवली गुणस्थानों में केवल ज्ञान और दर्शन ये दो उपयोग होते हैं ।।११।।

इयाणि जोगा वुच्चंति

बाहरवाँ और तेहरवाँ गाथा सूत्र

तिसु तेरस, एगे दस नव जोगा होंति सत्तसु गुणेसु
एक्कारस य पमत्ते, सत्तसजोगे अजोगिक्के ।।१२।।

तेरस चउसु, दसेगे पंचसु नव दोसु होन्तिएगारा
एगम्मि सत्त जोगा अजोगि ठाण सवइएगं ।।१३।।

प्रथम में, दूसरे में, और चौथे में गुण स्थान तेरह योग होते हैं, तीसरे में दस योग होते हैं। ५-७-८-९-१०-११-१२ सात गुण स्थानों में नो योग होते हैं। छठे में ग्यारह योग होते हैं अयोगी, एक गुणस्थान एक में योग रहित है।

१-२-४-४-६ चारगुणस्थानों में १३, तीसरे एक में १०,८-९-१०-११-१२वें पाँचगुणस्थानों में नौ योग, दो ५-७ गुणस्थानों में ग्यारह, एक मे १३ वें में सात योग होते हैं और १४ वें में अयोगी स्थान एक योगरहित ही होता है।

व्याख्या:—

'तिसु तेरस' त्तितिसुगुणट्ठाणेसु मिच्छदिट्ठी सासाण असंजयसम्मादिट्ठीसु-तेरस जोगा भवन्ति, तं जहा—चत्तारि मणजोगा, चत्तारि वइजोगा, ओरालिय काय-

जोगो, ओरालिय मिस्सकायजोगो वेउव्विय कायजोगो, वे उव्विय मिस्सकायजोगो कम्मइगकायजोगोत्ति, कम्मइगकायजोगो, अन्तर गइए वट्टमाणाणं, ओरालियमिस्स वेउव्वियमिस्स य अपज्जत्तयद्धाए, सेसा सभावत्थस्स चउगइके पडुच्च, 'एगे दस' त्ति सम्मामिच्छद्दिट्ठीम्मि दस जोगा, मीसदुग कम्मइगवज्जिया ते चेव मरणाभावो तब्भावेण णत्थित्ति तओ एए तिन्निवि न भवन्ति । 'णवसत्तसु' त्ति संजयासंजय अप्पमत्त अपुव्वकरणाइ जाव खीणकसाओ एएसु सत्तसु णव-णव जोगा भवन्ति, सम्मामिच्छाद्दिट्ठीस्स जे दस ते चेव वे उव्विय कायजोगरहिय णव भवन्ति, वे उव्वियं एएण करेन्ति त्ति वेउव्वि काओगो णत्थि ।

'एक्कंमि हुंति एक्कारस' त्ति एक्कंमिपमत्त संजयम्मि एक्कारस जोगा, पुव्वुत्ता णव आहारक काययोग आहारकमिस्सकोयजोग सहिया एकारस भवन्ति, आहारगकाओगो आहारगमिस्स कायजोगो य आहारग-लद्धि सहियस्स संजयस्स आहारगसरीरं उप्पएन्तस्स पमत्तो उप्पएइ न अप्पमत्तो त्ति तम्मि एक्कारस । एत्थ देसविरयप्पमत्ताणं केसिंचि वेउव्विय कायजोगो अत्थित्ति ते पुण एवं पढन्ति'तेरस चउसु दसेगे पंचसु णव दोसु होन्ति एक्कारा' त्ति तेरस चउसुत्ति पुव्वं तिण्हं तेरस तेरस जोगा भणिया, चउत्थो पमत्तसंजओ, एक्कारस ते चेव वेउव्विय (आहारग) दुगसहिया तेरस पमत्तस्स संजयस्स भवन्ति । दसेगेत्ति भणियं, 'पंचसु णव' त्ति-देसविरय अप्पमत्ते मोत्तूण सेसा पंच तेसु दुवुत्ता णव । 'दोसु होन्ति एक्कारस' त्ति ।

एक्कम्मि सजोगि केवलिम्म सत्तजोगा, सच्चमणजोगो, असच्चमणजोगो एवं वायावि, ओरालिय कायजोगो, ओरालियमिस्सकाओगो कम्मइग काओग इति । मणवाया मोसजुत्ता ण भवन्ति, छउमत्थरहितत्वात् । ओरालय मिस्स काओगो कम्मइग काओगो य समुग्घायगयस्स, ओरालियकाययोगो सट्ठाणे, सेसाण सं भवन्ति। 'अजोगिट्ठाणं हवइएक्कं' ति जोगविरहियं ठाणं एक्कं अजोगिट्ठाणमेव मनोवाक्कायरहितत्वात् ॥१२॥१३॥

उवओगा जोगविही य जीवट्ठाणेसु भणिया

मिथ्यादृष्टि, सासादन और असंयत सम्यग्दृष्टि में तेरह तेरह योग होते हैं, वे इस प्रकार है चार मन योग, चार वचन योग, औदारिक काय योग, औदारिक मिश्र काययोग, वैक्रियक काययोग, वैक्रियिक मिश्र काययोग और कार्मण काययोग । कार्मण काययोग अन्तरगात में वर्तमान रहने वालों के होता है । औदारिकमिश्र और वैक्रियकमिश्र अपर्याप्तक के काल में होता है, शेष स्वभाव में स्थित के चार गति वाले की अपेक्षा कहे गये हैं । सम्यगिमथ्यादृष्टि गुणस्थान में दस योग होते हैं । औदारिकमिश्र वैक्रियिकमिश्र और कार्मण काययोग के बिना वे ही हैं । मरण के अभाव होने से वे तीन तीसरे में नहीं होते हैं । संयतासंयत, अप्रमत्त, अपूर्व

करण, आदि क्षीणकषाय तक इन सात गुण स्थानों में नौ नौ योग होते हैं। सम्यग्मिथ्यादृष्टि के जो दस हैं वे ही वैक्रियक काययोग के बिना नव होते है। विक्रिया ये नहीं करते हैं इसलिये वैक्रियक काययोग इन में नहीं है। एक में ग्यारह है एक प्रमत्त संयत में ग्यारह योग हैं पूर्वोक्त नव, आहारक काययोग आहारकमिश्र काययोग सहित ग्यारह होते हैं आहारक काययोग और आहारक मिश्र काययोग आहारक लब्धि सहित संयत के आहारक शरीर उत्पन्न करने वालों में प्रमत्त उत्पन्न करता है न कि अप्रमत्त अत: उस में ग्यारह होते हैं। यहां देश विरत और प्रमत्तों के किन्हीं के समुद्घात की अपेक्षा से भी वैक्रियिक काययोग सम्भव है अत: ने पुन: इस प्रकार (व्याख्यान करते हैं) सूत्र पाठ पढ़ते हैं।

पूर्व के तीनों के तेरह तेरह योग कहे गये हैं; चौथा प्रमत्तसंयत है ग्यारह वे ही हैं। वैक्रियक द्विक सहित तेरह नाना जीवों की अपेक्षा से प्रमत्तसंयत के होते हैं देशविरत और अप्रमत्त इन दोनों के सिवाय शेष पांच गुणस्थानों में पूर्वोक्त नव योग होते हैं। देशविरत और अप्रमत्तों के ग्यारह। पूर्वोक्त नव, वैक्रियक द्विक सहित ग्यारह देशविरत के होते हैं। वे ही वैक्रियक आहारक काययोग सहित ग्यारह अप्रमत्त के होते है कैसे ? क्योंकि वैक्रियक और आहारक अन्त काल में प्रमत्त, अप्रमत्त भाव को प्राप्त करता है। एक सयोगी केवली में सात सात योग हैं सत्य मनोयोग, असत्य मनोयोग इस प्रकार वचन भी औदारिक काययोग औदारिक मिश्र काययोग और कार्मण काययोग—

मन वचन असत्य सहित नहीं होते हैं क्योंकि छद्मस्थ अवस्था से रहित हैं औदारिक मिश्र काययोग और कार्मण काययोग समुद्घात गत के होता है औदारिक काययोग स्वस्थान में होता है; शेष सम्भव नहीं है।

अयोगी स्थान में योग नहीं है। योग रहित स्थान एक है वह अयोगी है क्योंकि मन वचन और काय योग रहित है ।।१२।।१३।।

इस प्रकार जीवस्थानों में उपयोग विधि और योग विधि बतलाई गई।

इयाणि जप्पयइओ बन्धो जेसु ठाणेसु तं भण्णइ—

चौदहवां—सूत्र

चउपयइओ बन्धो पढमे, उवरितिगे तिपयइओ।
मीसग बीओ, उवरिमदुगं च, देसिक्कदेसम्मि ।।१४।।

प्रथम गुणस्थानों में चार प्रत्यय से बन्ध होता है ऊपर के २-३-४ तीन गुणस्थानों में तीन प्रत्यय से बन्ध होता है पांचवे देशविरत में भी तीन प्रत्यय हैं किन्तु दूसरा प्रत्यय विरताविरत मिश्ररूप होता है। ऊपर के छठे आदि में दो प्रत्ययों से बन्ध होता है और ग्यारहवें से तीन गुणस्थानों में योग प्रत्यय से बन्ध होता है। अयोगी प्रत्यय रहित है यह आगे के सूत्र में कहेंगे।

व्याख्या—'चउपच्चइओ' त्ति चत्तारिपच्चया, तं जहा—मिच्छत्तपच्चओ, अस्संजमपच्चओ कसायपच्चओ, जोगपच्चओ इति। मिच्छत्तं सामन्नेणं एगपगारं, विभागओ अणेगविहं, एगंतमिच्छत्तं, वेणइतमिच्छत्तं, संसयमिच्छत्तं मूढमिच्छत्तं, विवरीय मिच्छत्तमिति। अहवा किरियावाओ, अकिरियावाओ, अण्णाणवाओय।

"असियसयं किरियाणं, अकिरियवाईण जाण चुलसीइ,
अण्णाणि य सत्तट्ठी वेणइयाणं च बत्तीसं ।१।"

अहवा—"जावइयणय वाया तावइया चेवहोंति परसमया।
जावइया पर समया ता वइया चेव मिच्छत्ता ।।१।"

एगंतवाओ मिच्छत्तं ति एए कम्मबन्धस्सकारण भूआ। असंजमो अणेगपागरो हिंसाइ, अहवा चक्खुइंन्दिय विसयऽभिलासाइ। कसाया पणुवीसइविहा तं जहा—सोलस-कसाया, नव नोकसाया इति। जोगापंचदसप्पगारा पुव्वं वक्खाणिया। एत्थ आहारय दुगवज्जिएहिं चउहिं वि सविगप्पेहिं मिच्छद्दिट्ठीम्मि बन्धो 'उवरिमतिनं तिपच्चइंगो' त्ति उवरिमतिगं सासाणो सम्मामिच्छो अस्संजय सम्मद्दिट्ठीत्ति एएसु तिसु मिच्छत्तपच्चयवज्जिएहिं सेसतिगेहिं साविगप्पेहिं आहारगदुगवज्जिएहिं बन्धो भवइ, सव्वेवि तेसु अत्थि त्ति काउं, णवरि मिस्स कम्मइग जोगो य सम्मामिच्छे णत्थि। अणन्ताणुबन्धिणो उवरिम दुगे णत्थि। 'मोसग विइओ उवरिमदुगं च देसेक्क देसम्मि, त्ति विइओ पच्चओ असंजमो सो देस विरइम्मि मिस्सोअप्पडिपुण्णो, देसओ विरमणभावाओ, उवरिमदुगंणाम कसायजोगा एए दोन्निवि सविगप्पा देसविरयस्स बन्ध कारणाणि, णवरि अप्पच्चक्खाणावरण ओरालियमिस्स (वेउव्विय) वेउव्विय मिस्स-कम्मइग-आहारगदुगवज्जियाणि देसविरए एसिं उदओ त्ति काउं ।।१४।।

चार प्रत्यय हैं—वे इस प्रकार हैं। मिथ्यात्व प्रत्यय, असंयम प्रत्यय, कषाय प्रत्यय और योग प्रत्यय। मिथ्यात्व सामान्य से एक प्रकार का है विभाग की अपेक्षा अनेक प्रकार का है, जैसे एकान्त मिथ्यात्व, वैनयिक मिथ्यात्व, संशय मिथ्यात्व अज्ञान-मिथ्यात्व, विपरीत मिथ्यात्व। अथवा क्रियावाद, अक्रियावाद, वैनयिकवाद और अज्ञानवाद। "क्रियावादियों के १×४×६×५=१८० एकसौ अस्सी भेद हैं।

अक्रियावादियों के १×२×७×५=७० १×७×२=१४ ७०+१४=८४ चौरासी भेद हैं अज्ञानवादि के ९×७=६३+४=६७ हैं वैनयिक के ८×४=३२ हैं।

अथवा जितने नयवाद हैं उतने ही पर समय हैं जितने पर समय हैं उतने ही मिथ्यात्व हैं एकांतवाद मिथ्यात्व है। ये कर्म बन्ध के कारण भूत हैं। असंयम अनेक प्रकार का है हिंसा आदि, अथवा चक्षु इन्द्रिय विषय आदि अभिलाषा आदि। कषाय पच्चीस प्रकार की हैं वे इस प्रकार हैं, सोलह कषाय नव नो कषाय। योग पन्दरह प्रकार के हैं पहले उनका व्याख्यान कर दिया है। यहां आहारक द्विक योग मिश्र बिना चारों ही निज भेदों से मिथ्या दृष्टि गुण स्थान में बन्ध होता है। उपरिम तीन गुण-स्थानों में अर्थात् सासादन, मिश्र, और असंयतसम्यग्दृष्टि में मिथ्यात्व प्रत्यय के बिना शेष तीन प्रत्ययों के भेदों से आहारक द्विक प्रत्यय के बिना बन्ध होता है क्योंकि सब उन में हैं। इतना विशेष है कि मिश्र और कार्मण योग सम्यग्मिथ्यात्व गुण स्थान में नहीं है अनन्तानुबन्धी ऊपर के दो गुणस्थान में नहीं है। दूसरा प्रत्यय असंयम है वह देशविरत में मिश्र रूप अपरिपूर्ण होता है, क्योंकि अंश रूप से विरति भाव है ऊपर के दो प्रत्यय कषाय और योग दोनों सभेद देशविरत के बन्ध के कारण हैं किन्तु इतना विशेष है कि अप्रत्याख्यानावरण औदारिकमिश्र, वैक्रियिक, वैक्रियक-मिश्रकार्मण आहारक और आहारक मिश्र का देश विरत में उदय नहीं है अतः इनके निमित्त से होने वाला बन्ध भी नहीं होता है ।।१४।।

पंदरहवां—गाथा—सूत्र

उवरिल्लपंचके पुण दु पच्चओ जोगपच्चओ तिण्हं ।
सामन्नपच्चया खलु अट्ठण्हं होन्ति कम्माणं ।।१५।।

ऊपर के पांच गुणस्थानों में ६-७-८-९-१० में दो प्रत्ययों से बन्ध होता है। ऊपर के तीनों में ११-१२-१३वें में योग प्रत्यय से बन्ध होता है ये पूर्वोक्त सामान्य प्रत्यय हैं आठ प्रकार के कर्म बन्ध में निमित्त हैं।

व्याख्या—उवरिल्लपंचके पुण दु पच्चओ, त्ति पमत्ताई जाव सुहुमरागोत्ति एएसु पंचसु कसायजोग पच्चइगो बन्धो, विसेसोऽत्थ भण्णइ, पमत्तस्स कसाय संजलणा णोकसाया नव एए तेरस, जोगा पुव्वुत्ता तेरस, एएहिं बन्धो। अप्पमत्तस्सवि ते चेव, णवरि वेउव्वियमिस्स आहारयमिस्स वज्जिया एक्कारस जोगा, तेहिं बन्धो

अपुव्वगवि एए चेव, णवरि वे उव्वाहार दुगवज्जिया जोगा णव, कसाय तेरस, तेहिं बन्धो। अणियट्टिस्स जोगा णव, कसाया चत्तारि संजलणा, तिन्नियवेया एतेहिं बन्धो।

व्याख्या—प्रमत्तादि से सूक्ष्म सांपराय तक इन पांचों में कषाय और योग प्रत्यय से होने वाला बन्ध है, विशेषार्थ कहते हैं—प्रमत्त के कषाय, संज्वलन और नव नौ कषाय ये तेरह, योग पूर्वोक्त तेरह इन से बन्ध होता है और अप्रमत्त के भी वे ही प्रत्यय हैं इतना विशेष है कि वैक्रियिक मिश्र और आहारक मिश्र के बिना ग्यारह योग होते हैं उनसे बन्ध होता है। अपूर्व गुणस्थान में भी वे ही बन्ध के कारण हैं किन्तु इतना विशेष है कि वैक्रियिक और आहारक, द्विक के बिना नौ योग होते हैं, कषाय तेरह हैं उन से बन्ध होता है। अनिवृत्तिकरण के योग नव है कषाय चार संज्वलन और तीन वेद इन से बन्ध होता है।

सूक्ष्मरागस्स जोगा णव, लोभ संजलणो य, एएहिं बन्धा। 'जोग पच्चयो तिण्हं' ति उवसन्त–खीण–कसाय–सजोगिकेवलिणं एएसिं तिण्हि जोगपच्चइओ बंधो। उवसंतखीणमोहाणं णव णव जोग तेहिं बन्धो। सजोगि केवलिस्स, सत्त जोगा, तक्कारणो बन्धो। 'सामन्न–पच्चया खलु अट्ण्हं होन्ति कम्माणं' त्ति एए भणिया अट्ठण्हं कम्माणं सामन्नपच्चया अविसेसपच्चया इत्यर्थः पण पन्न पन्न तिय–छहियचत्त गुणचत्त छक्क चउसहिया। दुजुया य वीस सोलस दस नव नव सत हेऊओ ॥१॥

सूक्ष्म सांपराय वाले के नव योग होते हैं और लोभ संज्वलन इन के द्वारा बन्ध होता है। उपशांत क्षीण–कषाय सयोग केवली इन के तीनों के योग प्रत्यय से होने वाला बन्ध है उपशांत और क्षीणमोह के नव नव योग हैं उनसे बन्ध होता है। सयोगकेवली के सात योग हैं उन के कारण बन्ध होता है। ये सामान्य प्रत्यय हैं। आठ प्रकार के कर्मों के कर्म के बन्ध के हेतु ये सामान्य प्रत्यय अर्थात् अविशेष प्रत्यय हैं।

१ २ ३ ४ ५ ६

प्रथम गुणस्थान ५५, दूसरे इत्यादि में क्रमशः ५०, ४३ ४६–३९—२६—

७ ८ ९ १०—११—१२—१३—१४

२४–२२–१६–१०— ९ — ९ — ७ — ० प्रत्यय होते हैं।

इति सामान्य प्रत्यय समाप्त

इदाणीं विसेसपच्चयणिरुवणत्थं भन्नइ।

अब विशेष प्रत्यय का निरूपण करने के लिये कहते हैं।—

सोलहवाँ-गाथा-सूत्र

पडिणीय-अन्तराइय-उवधाए तप्पओसनिन्हवणे ।
आवरणदुगं भूओ बन्धइ अच्चासणाए च ।।१६।।

व्याख्या—'पडिणीय' त्तिणाणस्स णाणिस्स णाणसाहणस्स, पडिणीय त्तणं करेइ पडिकूलया । 'अन्तराइयं' विग्घं, 'उवधाओ' मूलाओ विणासकरणं, 'तप्पओस' त्ति मणेण तेसिं रूसणया, 'णिण्हवणं' ति आयरिय णिण्हवणं, सत्थणिण्हवणं, वा अन्नं च णाणिसदूसणयाए, आयरियपडिणीयाए, उवज्झायपडिणीतयाए अकाल सज्झाय करणेण य कालसज्झायाकरणेण य 'आवणदुगं भूओ बन्धइ' णाणदंसणा-वरणाणि एएहिं बन्धइ, भूयो त्ति भृशं तीव्रं, 'अच्चासणाए य' त्ति हीलप्पयाए णाणं अच्चासेइ, आयरियउवज्झाए य अच्चासाएइ, पाणवहाईहिं य णाणावरणं कम्मं बन्धइ । दंसणावरणस्स विएए चेव, णवरि अलसयाए, सोविरयाए, णिद्दाबहुमन्नणयाए दरिसणप्पओसेण, दरिसणणीकयाए, दरिसणन्तराइगेण दिट्ठीसंदूसणयाए चक्खु-विग्घायणयाए पाणवहाईहिं य दंसणावरणं कम्मं बन्धइ ।।१६।।

ज्ञान की ज्ञानी की और उसके साधन की प्रतिकूलता करने से, विघ्न करने से, मूल विनाश रूप उपघात से, उसके विषय में मन में रोष होने से, आचार्यादि के निन्हव छुपाने से या आसादना अवहेलना करने से ज्ञानावरण और दर्शनावरण का प्रचुर मात्रा में बन्ध करता है । इसी प्रकार दर्शनावरण के भी ये प्रत्यय हैं । और जो विशेषता है उसको व्याख्या से जानें ।

'प्रतिनीक' अर्थात् ज्ञान की, ज्ञानी की ज्ञान के साधन की प्रत्यनीकता-विरोध प्रतिकूलता से करता है । 'अन्तराय' विघ्न करता है । 'उपघात' मूल से विनाश करना, 'तप्पओस' मन से उनके विषय में रुष्ट होने से 'णिण्हवणं' आचार्य को छुपाना, शास्त्र का छुपाना या और भी ज्ञानी को दूषण लगाने से आचार्य की प्रत्यनी-कता से–विरोध से उपाध्याय के विरोध से, अकाल स्वाध्याय करने से, योग्यकाल में स्वाध्याय न करने से, ज्ञानावरण और दर्शनावरण को प्रचुर तीव्र बांधता है । 'आसादना से' आवहेलना से, ज्ञान की विराधना-अनादर करता है । आचार्य और उपाध्याय की प्रतिकूल चलने से आसादना से और प्राणिवध आदि से ज्ञानावरण कर्म को बांधता है, दर्शना वरण के भी ये ही प्रत्यय हैं इतना विशेष है कि आलस्य के द्वारा दिन में सोने से सोविरयाए निद्रा बहुमन्नाणयाए, बहुत सोने से दर्शन में प्रदोष बतलाने से, सोने में रति होने से, बहुनिद्रा से मग्न रहने से सम्यक्त्व में होने से, दोष लगाने से ।

दर्शन के प्रतिनीक निषेध होने से, दर्शन में अन्तराय डालने से, दृष्टि में दोष लगाने से चक्षु का विघात करने से और प्राणवधादि से दर्शनावरण कर्म को बांधता है ।।१६।।

सतरहवां—सूत्र

भूयाणु कम्प-वय–जोग-उज्जओ खन्ति-दाण-गुरु-भत्तो ।
बन्धइ भूओ सायं विवरीए बन्धए इयरं ।।१७।।

जीवों पर अनुकम्पा करने वाला, व्रत धारण करने वाला, योग या या समाधि में उद्यम करने वाला, क्षमा धारण करने वाला, दान देने वाला, गुरु की भक्ति करने वाला, तीव्र साता वेदनीय को बांधता है इस के विपरीत जीवों के प्रति निर्दय क्रूर हत्यारा, व्रत रहित, योग साधना रहित, संक्लेश परिणाम वाला धर्म कर्म में उद्यम रहित, दुर्ध्यानिरत, दान रहित कंजूस-कृपण गुरु भक्ति रहित, क्रोधी तीव्र असाता का बन्ध करता है ।

व्याख्या—'भूयाणु' त्ति, भूयाणुकम्पया दयालूकत्ताए, धम्माणुरागेणं, धम्मणिस्सेवणयाए, सीलव्वयपोसहोववासरतीए अकोटणयाए, तवोगुणणियमरयाणं फासुयदाणेण, बालवुड्ढतवस्सिगिलाण गाईणं वेयावच्चाकरणेण, माया-पिया-धम्मा-यारियाणं च भत्तीए, सिद्धचेइयाणं पूयाए, सुहपरिणामेणं सायावेयणीयं कम्मं निञ्वं बन्धइ । 'विवरीए बन्धए इयरं' ति भणिय विवरीएहिं, तं जहा णिराणु-कम्पयाए, पाहणविहडण-दमण-बन्ध परियावणयाए, अङ्गोवङ्गवेयणाइसंकिलेस-जणणयाए, सारीरमाणसदुक्खप्पायणयाए तिव्वासुभपरिणामेणं णिद्दयत्ताए, पाण वहाइहिं य असायं कम्मं बन्धइ । 'इयरं' ति असाय-वेयणीयं ।।१७।।

भूतानुकम्पा से, दयालुता से, धर्मानुराग से, धर्म के निसेवन से, शील-व्रत, प्रोषधोपवास में प्रीति होने से, अक्रोधसे, तप गुण नियम में रत रहने वालों के, प्रासुक दान से, बाल वृद्ध, तपस्वी ग्लान आदि की वैय्यावृत्य करने से, माता पिता और धर्माचार्य की भक्ति से, सिद्ध, चैत्यों की पूजा के द्वारा शुभ परिणाम से साता-वेदनीय कर्म का तीव्र बन्ध करता है । इससे विपरीत जीवों के प्रति निर्दयता, उनका सवारी वाहन, उनका खण्डन विघटन, दमन बन्धन द्वारा संतापित करने से, अङ्ग या उपाङ्ग में वेदनादि संक्लेश उत्पन्न करने के द्वारा, शारीरिक-मानसिक दुःख उत्पन्न

करने से तीव्र अशुभ परिणाम के द्वारा प्राणों के घात वगैरह पापों से असाता वेदनीय कर्म का तीव्र बन्ध करता है ॥१७॥

इयाणिं मोह-बन्धस्स कारणं,
तत्थ पढमं दंसणमोहस्स भन्नइ—

अब मोह बन्ध के कारण को कहते उस में से पहले दर्शनमोह के प्रत्यय को बतलाते हैं।

अठाहरवां-गाथा-सूत्र

अरहंत-सिद्ध-चेइय-तव-सुय-गुरु-साहु-संघ-पडणीओ।
बन्धइ दंसण मोहं अणन्त संसारिओ जेणं ॥१८॥

अरहंत, सिद्ध, चैत्य, तप, श्रुत, गुरु, साधु और संघ का अवर्णवाद करने वाला—झूठा दोष लगाने रूप निन्दा करने वाला दर्शन-मोह का बन्ध करता है——यह बन्ध प्रथम मिथ्यात्व गुणस्थान में ही होता है। जिससे वह अनन्त संसारी होता है।

व्याख्या—अरहन्ताणं, सिद्धाणं, चेइयाणं केवलीणं, साहूणं, साहुणीणं, धम्मस्स धम्मोवएसगस्स तवस्स सव्वन्नु भासियस्स सुत्तस्स दुवालसंगस्स,गणिपिडगस्स-सव्वभावरूपवगस्स अवन्नवाएणं, चाउव्वण्णस्स संघस्स अवण्णवाएणं, 'पडिणीओ' त्ति पडिणीओ अवन्नवाई भवइ, अन्नं चउम्मग्गदेसणाए, मग्गविपडिवत्तीए, धम्मिय-जण-संदूसणयाए, असिद्धेसु सिद्धभावणाए, सिद्धेसु असिद्धभावणाए, अदेवेसु देवभावणाए, देवेसु अदेवभावणाए, असव्वन्नुसु सव्वन्नुभावणाए, सव्वन्नुसु असव्वन्नु भावणयाए एवमाइ विवरीय भावसन्निवेसणयाए संसारपरिवड्ढण मूल कारणं बन्धइ दंसणमोहं, सम्मदंसणघाइ-मिच्छत्त मित्यर्थः। अणन्त संसारिओ जेणं तिजेणं अणन्त-संसारिको भवइ ॥१८॥

अरहंत, सिद्ध, चैत्य, केवली, साधु, आर्या, धर्म, धर्मोपदेशक, तप, सर्वज्ञ भाषित श्रुत का द्वादशांग का, आचार्य पिटकका का, सम्पूर्ण पदार्थ उपदेशक का अवर्णवाद करने से तथा चार प्रकार के संघ के अवर्णवाद से प्रत्यनीक अवर्णवादी होती है और उन्मार्ग की देशना से, मार्ग में विप्रतिपत्ति से धार्मिक जन को दूषण लगाने से, असिद्धों में सिद्ध भावना से, सिद्धो में असिद्ध भावना से, अदेवों में देव

भावना से, अदेवों में देव भावना से,देवों में अदेव भावना से, असर्वज्ञों में सर्वज्ञ भावना से, सर्वज्ञ में असर्वज्ञ भावना से इत्यादि विपरीत भाव सन्निवेशन से संसारपरिवर्तन मूल कारण दर्शन मोह को बांधता है। सम्यग्दर्शन घाति मिथ्यात्व है यह उस का तात्पर्य है जिससे वह बंधक अनंत संसारी होता है ॥१८॥ यदि वह दर्शन मोह नहीं रहता है तो अनंत संसारी नहीं हो सकता है।

इयाणिं चरित्त मोहकारणं भन्नइ
अब चारित्र मोह के कारण को कहते है

उन्नीसवां १९ गाथा सूत्र

तिव्वकसाओ बहुमोह परिणओ रागदोस संजुत्तो।
बन्धइ चरित्तमोह दुविहंपि चरित्तगुण घाई ॥१९॥

तीव्र कषाय करने वाला, बहु मोह परिणत बहु राग द्वेष संयुक्त, कषाय वेदनीय और नो कषाय वेदनीय का तीव्र बन्ध करता है। जो दोनों प्रकार के चरित्र गुण का घातक है।

व्याख्या—तिव्व कोहपहिणामो कोहवेयणीय कम्मं बन्धइ। तीव्र क्रोध परिणाम वाला क्रोध वेदनीय कर्म का बन्ध करता है। एवंमाणमायालोभराग दोसा य वसव्वा। इस प्रकार मान माया, लोभ, राग और द्वेष रूप तीव्र परिणाम वाले मान मायादिक का तीव्र बन्ध करते हैं। 'बहुमोहपरिणओ' त्ति तिव्वमोह परिणामो मोहवेयणीयं कम्मं बन्धइ। विषयगृद्ध इत्यर्थः।' तीव्र मोह परिणाम मोह वेदनीय कर्म को बांधता है अर्थात् विषय मे गृद्ध मोह वेदनीय का तीव्र बंध करता है। तिव्वरागो, अइमाणो, ईसालुको, अलियबाई, वङ्को, वङ्कसमायारो, सढो, परदार रइपिओ य इत्थिवेयणियं कम्मं बन्धइ। तीव्र रागी; अतिमानी, ईर्ष्यालु झूंठ बोलने वाला, वक्र, वक्र-समाचार युक्त शठ वंचक और परदाररतिप्रिय स्त्री वेदनीय कर्म को बंधता है। इसका बन्ध दूसरे गुणस्थान के ऊपर नहीं होता है। क्यूं कि स्त्री वेद दूसरे सासादन तक ही बंधता है।

उज्जु, उज्जुसमाचारो, मन्द कोहो, मिउ मद्दवसम्पन्नो, सदाररइप्पिओ, अणीसालुको पुरिसवेयणीयं कम्मं बन्धइ।

जो सरल है, ऋजु दश प्रकार की संक्षिप्त समाचारी से युक्त है, मन्द कषायी हैं मृदु–मार्दव सम्पन्न है, स्वदार प्रिय है और अनिर्ष्यालु है वह, पुरुषवेदनीय कर्म को बांधता है।

तिव्वकोहो, पिसुणो, पसूणं बह–छेयण फोडन णिरओ, इत्थि पुरिसेसु अणंग सेवण सीलो, सीलव्वय–गुणधारीसु, पासण्ड पविट्ठेसु य वभिचारकारी, तिव्वविसय सेवी य, णपुंसगवेयणीयं कम्मं बन्धइ।

जो तीव्र क्रोध करने वाला है, पिशुन है पशुओं का वध, छेद स्फोटन करने में रत है स्त्री और पुरुषों के अनङ्गों का सेवन शील है जो शील या व्रत या गुण धारियों में और पाखण्ड प्रविष्टों में व्यभिचार करने वाला है और तीव्र विषय सेवी है वह नपुंसक वेद का बंध करता है।

(नपुंसक वेदका बंध प्रथम गुण स्थान में होता है।

हसिणो, परिहास उल्लाओ, कन्दप्पिओ, हसावण सीलो य हास वेयणीयं कम्मं बन्धइ

जो हंसता रहता है, जो परिहास के साथ ऊंचा बोलता है अट्टहास करता है। हास्य मिश्रित काम वचन चेष्टादि करता है और दूसरों को हंसाते रहने की आदत वाला आत्मा हासवेदनीय कर्म को बांधता है।

सोयण–सोयावण सीलो, परदुक्खवसणसोगेसु य अभिणन्दगो, सोगवेयणीयं कम्मं बन्धइ।

शोक युक्त जो स्वतः शोक करता है दूसरों को चिंता ग्रस्त बनाने की आदत वाला है दूसरे के दुक्ख आपत्तियों और शोक में आदर भाव रखने वाला है वह शोक वेदनीय कर्म को बांधता है।

विविहपरिकीलणाहिं रमणरमावण सीलो, अदुक्खुपायणो य रइवेयणीयं कम्मं बन्धइ।

जो नाना प्रकार की क्रीडाओं से रमने–खेलने लाड़ प्यार करने कराने रमाने की आदत वाला है और दूसरों को दुःख उत्पन्न नहीं करता मुख उत्पन्न करने वाला है वह रतिवेदनी कर्म का बन्ध करता है।

परस्स रइविग्करणयाए, पावजणसंसग्गी रइए य अरइवेयणीयं कम्मं बन्धइ।

दूसरे की रति में विघ्न करने से और पापीजनों की संगति में रति करने से अरति वेदनीय कर्म को बांधता है।

सयं भयन्तो परस्स य भय उव्वेयं जणयन्तो भयवेयणीयं कम्मं बन्धइ।

स्वतः भयभीत है और दूसरे को भी भय उद्वेग उत्पन्न करता है वह भय वेदनीय कर्म को बांधता है।

साहुजण दुगुच्छए, परस्स दुगुच्छमुप्पायन्तो, परपरिवायणसीलो दुगुच्छा वेयणीयं कम्मं बन्धइ।

साधुजनों से ग्लानि करने से, दूसरों को ग्लानि उत्पन्न करने वाला, दूसरे का अपवाद करने की आदत वाला दुगुच्छा (जुगुप्सा) वेदनीय कर्म को बांधता है।

पत्तेयं पत्तेयं पयडीओ अहिकिच्च बन्धो भणिओ। इयाणिं समन्नेणं भण्णइ-सीलव्वय संपन्ने चरणट्ठे धम्मगुणरागिणे सव्वजगवच्छले समणे गरहन्तो, तवसंजम रयाणं परम धम्मिकाणं धम्माभिमुहाणं च धम्म विग्घं करेन्तो, जहासीलव्वय-कलियाण देसवियाणं विरइविग्घ करेन्तो, महुमज्ज मंस विरयाणं को एत्थ दोसोत्ति अविरतिं दरिसन्तो, चरित्तसंदूसणाए अचरित्त संदेसणाए य परस्स कसाएणोकसाए य संजणन्तो बन्धइ चरित्तमोहं कम्मं।

प्रत्येक प्रत्येक प्रकृतियों को अधिकृत करके–मुख्य करके बन्ध कहा गया। अब सामान्य रूप से कहते हैं।

जो शील और व्रत से सम्पन्न है चरित्र में स्थित है धर्म में अनुराग रखने वाले है सर्वजगत् वत्सल श्रमण के प्रति गर्हा करने से, उनके साथ वचन से दुर्व्यवहार करने वाला तीव्र चारित्र मोह का बन्ध करता है। जो तप संयम में रत है परम धार्मिक हैं और धर्म के अभिमुख हैं उनके धर्म पालन में विघ्न करने वाला तीव्र चारित्र मोह को बांधता है।

अपनी शक्ति के अनुसार उत्तम मध्यम जघन्य भेद से सामायिक प्रोषध आदि शील और व्रत से जो युक्त देशविरत हैं उनके व्रत में विघ्न करने वाले तीव्र चरित्र मोह का बन्ध करते हैं। यह तीव्र बन्ध भी प्रथम गुणस्थान में हो जाता है।

जो मधु मद्य और मांस के त्यागी या उनसे विरक्त हैं उन के प्रति यह कहना कि इनमें—'मधु आदिक में क्या दोष है' इस प्रकार अविरति को दिखाने वाला तीव्र चरित्र मोह का बन्ध करता है।

चारित्र में दूषण बताने से, दूषित करने से अचारित्र का उपदेश देने से—व्रत नहीं लेने का उपदेश देने से और दूसरे के कषाय और नो कषाय उत्पन्न करने से—उसके उत्पन्न करने की भावना से परिणाम से चारित्र मोह का तीव्र बन्ध होता है।

'दुविहंपि चरित्तगुणघाइं' त्ति कसाय णोकसाय वेयणीयं दुविहंपि चरित्तगुणं घातति त्ति चरित्तगुण घाई तं चरित्तगुण घाई ॥१६॥ कषाय और नो कषाय वेदनीय दोनों ही चारित्र गुण का घात करती हैं अतः चारित्र घाति प्रकृतियां हैं।

इयाणिमाउगस्स पच्चओ भण्णइ

आयु का प्रत्यय कहा जाता है।

बीसवां २० गाथा सूत्र

मिच्छद्दिट्ठी महारम्भपरिग्गहो तिव्वलोभनिस्सीलो
निरयाउयं निबंधइ पावमई रुद्दपरिणामो ॥२०॥

मिथ्यादृष्टि जो कि महा आरम्भ और परिग्रह वाला है तीव्र लोभी है निःशील है नरक आयु का पापमति रुद्रपरिणामवाला बंध करता है।

व्याख्या—'मिच्छद्दिट्ठी' धम्मस्स परम्मुहो, 'महारम्भपरिग्गहो' त्ति जम्मि आरम्भे बहूणं जीवाणं घाओ भवइ सो महारम्भो, जम्हि परिग्गहे बहूणं जीवाणं घाओ भवइ सो महापरिग्गहो, 'तिव्वलोभ निस्सीलो' त्ति णिम्मेरपच्चक्खाणपोसहोववासो, अग्गिरिव सव्वभक्खी णिरयाउगं कम्मं बन्धइ। 'पावमइ रुद्द परिणामो' त्ति पावमई असुभचित्तो पत्थर समाणचित्तो त्ति। रोद्द परिणामो सव्वकालं मारणाइ चित्तो ॥२०॥

इयाणितिरिया उगस्स भण्णइ

'मिथ्यादृष्टि' धर्म के पराङ्मुख, महारम्भ परिग्रह वाला जिस आरम्भ में बहुजीवों का (संकल्पी) घात होता है वह महाआरम्भ है जिस परिग्रह में बहुत जीवों घात होता है वह महापरिग्रह है जो 'तीव्र लोभी निस्सील' है जो नियम से कभी भी दान, त्याग आखड़ी या आगामीत्याग प्रत्याख्यान नहीं करता है वह (कृपण) अत्यन्त लोभी है, कभी भी जो नियम रूप में या नियम होने पर उपवास उत्तम मध्यम या जघन्य रूप से नहीं करता है अग्नि के समान जो सर्वभक्षी है जिसे भक्ष्याभक्ष्य का कोई विवेक नहीं है वह नरक आयु कर्म को बांधता है 'जो पापमति रौद्र परिणाम वाला है। पापमति अर्थात्—अशुभ चित्त वाला है पाषाण के समान कठोर हृदय वाला है जिस का हृदय कभी द्रवित नहीं होता है। रौद्र परिणाम वाला है सर्वदा जीवों के मारने के परिणाम वाला है वह नरक आयु का बन्ध करता है।

अब तिर्यंच आयु के प्रत्यय को बतलाई जाती है।

२१ वां गाथा सूत्र

उम्मग्गदेसओ मग्गनासओ, गूढहिययमाइल्लो
सढसीलो य ससल्लो तिरियाउं बन्धए जीवो ॥२१॥

व्याख्या—'उम्मग्गदेसओ' त्ति उम्मग्गं पन्नवेइ, मग्गट्ठियाणं णासणं करेइ, 'गूढहियय माईल्लो' त्ति मणसा गूढो, किरियाए माइल्लो, सढसीलो णाम वाया मधुरो' 'ससल्लो' त्ति वयसीलेसु अइयारसहिओ मायावी णालोए त्ति, पुढवि भेय सरिसरोसो, अप्पारम्भो, तिरियाउयं कम्म बन्धइ ॥२१॥

जो उन्मार्ग का उपदेश देता है, मार्ग का नाश करने वाला है, गूढ़ हृदय वाला है जिसका मन मैला मायावी है षष्ठशील वंचनाशील प्रतिमूढ़ स्वभाव वाला और सशल्य है तिर्यंच आयु कर्म को बांधता है ॥२१॥ जो खोटा मार्ग बतलाता है मार्ग में चलने वालों का नाश करता है जो मन से गूढ़ है क्रियाओं में मायावी है, शट स्वभाव मूढ़, ठग, कपटी, झूंठ स्वभाव वाला है मात्र वाचा से मधुर है 'सशल्य' व्रत और शील में अतिचार लगने पर मायावी होने से आलोचना नहीं करता पृथ्वी भेद के सदृश रोष वाला, अल्पारम्भ युक्त है तो भी तिर्यंच आयु बांधता है।

इयाणि मणुआउगस्स भण्णइ

अब मनुष्य आयु का प्रत्यय कहा जाता है।

२२ वां गाथा सूत्र

पयईअ तणु कसायो दाणरओ सील संजम विहूणो
मज्झिमगुणेहि जुत्तो मणुयाउं बन्धए जीवो ॥२२॥

व्याख्या—पयईअ तणु कसाओ 'त्ति पगईए अप्पकसाओ पगईए भद्दो, पगईए विणीओ, जहि तहि वा दाणरओ, वालुक-राइ-सरिसरोसो, सील संजम रहिओ, 'मज्झिम गुणेहि जुत्तो' त्ति णाइसंकिलिट्ठो, ण विसुद्धो, उज्जु उज्जुकम्म समाचारो, मणुयाउगं कम्मं बन्धइ ॥२२॥

प्रकृति से अल्प कषाय वाला है स्वभाव से भद्र और विनय शील है, जहां तहां जब तक (पात्र) दानरत है, जो बालुका-राजि-लीक के समान रोष वाला है, शील और संयम से रहित है, मध्यम गुणों से युक्त है न अति संक्लिष्ट है न अति

विशुद्ध जो सरल कर्म-क्रिया रूप समाचार वाला है मनुष्य आयु रूप कर्म को बांधता है ।।२२।।

इयाणिं देवाउअस्स पच्चओ भण्णइ
अब देवायु का प्रत्यय कहा जाता है ।

अणुव्वय महव्वएहिय बालतवाऽका मनिज्जराए य
देवाउ'यं निबन्धइ सम्मदिट्ठीउ जो जीवो ।।२३।।

व्याख्या—'अणुव्वय महव्वयेहिं' त्ति अणुव्वय गहणेणं पंचणुव्वयधरो, सत्त सिक्खाणिरओ सावगो । महव्वय गहणेण छज्जीवनिकाय संजमरओ, तव-णियम-बम्भचारी, सराग संजओ । 'बाल तव' त्ति अणहिगयजीवाजीवा, अणुवलद्ध सब्भावा, अन्नाए कयसंजमा, मिच्छद्दिट्ठिणो गहिया । 'अकामणिज्जराए' य त्ति अकाम तण्हाए, अकामच्छुहाए, अकाम बंभचेरेण, अकाम-सेयजल्लपरियावणयाए, चारग णिरोह बन्धणाईया, दीहकाल रोगिणोय, असंकिलिट्ठा, उदगराइसरिसरोसा, तरुवर सिखरणिवाइणो अणसणजल जलण पवेसिणो य गहिया, 'देवाउगं णिवन्धन्ति एए सव्वे देवाउगं कम्मं बन्धन्ति । 'सम्मद्दिट्ठी जो जीवो' त्ति तिरिय मणुया अविराहि-य सम्मदंसणामविरयावि देवाउगं णिबन्धत्ति ।।२३।।

अणुव्रत और महव्रतों से अज्ञान तपसे, और अकाम निर्जरा से जीव देवायु को बांधता है । और सम्यग्दृष्टि विशेष प्रकार से बांधे तो सौधर्मादिक की आयु का बन्ध करता हैं ।।२३।।

पांच अणुव्रत धारण करने वाला, सात शिक्षाव्रत में निरत श्रावक, षट्‌निकाय के जीवों की रक्षा में निरत महाव्रती, तप नियम और ब्रह्मचर्य का पालन करने वाला सराग संयत, 'बाल तप' जीव अजीवों के सच्चे ज्ञान मे रहित, यथार्थ वस्तु स्वरूप को जिनने नहीं समझा है अज्ञात कृत संयत वाले, मिथ्यादृष्टियों का ग्रहण किया है । अकाम निर्जरा से अकाम तृषा सहन, अकाम क्षुधासहन, अकाम-बिना व्रत के ब्रह्मचर्य के द्वारा, शरीर पर अकाम-स्वेद-जल परियापन से, धारण से, चारक कोट्टपालादि के द्वारा निरोध, बन्धनादिक शांति से, सहने से, और दीर्घकाल रोगी होकर भी असंक्लिष्ट उदक-राजि-सदृश रोष वाले, धर्म के नाम पर तरुवर और शिखर से पड़ने वाले, अनशन जल-ज्वला में प्रवेश करने वाले भी ग्रहण किये गये हैं ये (असंक्लेश परिणाम से) देवायु के कर्म को बांधते हैं । जो तिर्यन्च और मनुष्य सम्यग्दर्शन की विराधना रहित हैं वे अविरत हैं तो भी देवायु को बांधते हैं । देव सम्यग्दृष्टि हो तो वह मनुष्य आयु से बांधता है ।

इयाणिं णामस्स पच्चया भण्णन्ति

२३ वां गाथा सूत्र

मण-वयण-कायवंको माइल्लो गारवेहिं पडिबद्धो
असुहं बन्धइ कम्मं तप्पडिवक्खेहिं सुहनामं ।।२४।।

अब नाम के प्रत्यय बतलाते हैं ।

जो मन वचन और काय से वक्र है मायावी-ठग गारव से प्रतिबद्ध है अशुभ नाम का बंध करता है उससे प्रतिपक्ष रूप मन वचन और काय की सरलता, ऋजु परिणाम वाला है, गारव से रहित है वह शुभ नाम को बांधता है ।

व्याख्या—'मण' त्ति मनोवाक्काएहिं. वंको, माई तिहिं गारवेहिं पडिबद्धो, तं जहा—', वंकावंकसमायारा माइल्ला नियडि कुडिल, कूडतल कूडमाणा, साइ-जोगिणो दव्वाणं ।।१।। अवन्नाणं च वन्नकरणेणं वन्नवन्ताणं अवन्न करणेणं, अगंधाणं गंधकरणेण परवंचसीलयाए, सुवन्न मणिरजतादीणं पगइविउव्वणाए, ववहार कइणाईसु विसंवायणसीलयाए परेसिं अंगोवंगविणासणाराए परदेहविरूव करणेणं परासूययाए, पाणिवहाईहिं य असुभंणामं बन्धइ ।

'तप्पडि वक्खेहिं सुह णामं' त्ति तव्विवरीएहिं गुणेहिं जुत्तो उज्जुओ अविसं वायणसीलोय सुहणामं बन्धइ ।।२४।।

जो मन वचन और काय से वक्र माई, तीन गारवों से प्रतिबद्ध है, वह इस प्रकार है—जो वक्र हैं वक्र समाचार वाले है मायावी हैं ठगने-निकृति में कुटिल हैं कूटतुला कूटमान, द्रव्यों के साथ मिलावट करने वाले हैं ।।१।।' अवर्ण को वर्णवाले करके, वर्णवाले को अवर्णवाले करने के द्वारा, गंधरहित गंध को सहित करके दूसरे के ठगने में तत्पर स्वभाव होने से सुवर्ण मणि चांदी आदि की प्रकृति बदलकर, लेन देन आता है व्यवहार में विसंवाद शीलता से, दूसरे के अंग उपांग के विनाश करने से, दूसरे के शरीर को विरूप विडरूप करने से, दूसरे से असूया या ईर्ष्या करने से और प्राणियों के वधादि के द्वारा अशुभनाम कर्म को बांधता है । उसके विपरीत गुणों के द्वारा, सरल, और अविसंवादनशील शुभनाम कर्म का बन्ध करता है ।

इयाणिं गोयस्स पच्चया भण्णन्ति

२४ वां गाथा सूत्र

अरहंता इसु भत्ती, सुत्तरुई पयणुमाण-गुणपेही ।
बन्धइ उच्चागोयं विवरीए बन्धइ इयरं ।।२५।।

अब गोत्र के प्रत्यय कहे जाते हैं 'अरहन्ताइसु' त्ति अरहंत भत्तीए, सिद्ध भत्तीए, गुरुमहत्तराणं भत्तीए, पवयण भत्तीए य जुत्तो, सुतरुई, सुब्बन्नु भासियं सिद्धंतं पढ़इ पढ़ावेइय, चिन्तेइ य,वक्खाणेइ त्ति । अहवा सुत्ते वुत्तमत्थं तहा सद्दहइ। 'पयणुमाणो' त्ति जाईए कुलेण वा रूवेण वा, बलसुय आणा इस्सरियतवे वा जुत्तो वि ण मज्जई, ण परं णिन्दइ, ण परं खिसइ, ण परं हीलेइ, ण परं परिवायसीलो य 'गुणपेहि' त्ति सब्वेसिं गुणमेव पेक्खइ, किमहं, अन्ने बहवे गुणाहिया सन्तीत्ति ण माणमब्बिओ हवइ, गुणाहिकेसु णीयावत्ती कुसलो 'बन्धइ उच्चागोयं' त्ति एवं गुण संपज्जुत्तो उच्चागोयं कम्मं बन्धइ । विवरीए बन्धइ णीयन्ति अरहन्ताइसु भत्तो एव-माइ भणिय विवरीएहिं गुणेहिं जुत्तो णीयागोयं बन्धइ ॥२५॥

२५ वां गाथा सूत्र

अरहंतादिकों में जो अरहंत भक्ति, सिद्ध भक्ति, चैत्य भक्ति गुरुमत्तरों की भक्ति और प्रवचन भक्ति में उपयुक्त है, 'सूत्र में अभिरुचि रखता है' अर्थात् सर्वज्ञ भाषित सिद्धान्त को पढ़ता है और पढ़ाता है चिन्तवन करता है और व्याख्यान करता है। अथवा सूत्र में कहे गये अर्थ का वैसा श्रद्धान करता है। 'पद मान से रहित' अर्थात् जाति, कुल या रूप या बल-श्रुत-आज्ञा-एश्वर्य या तप से युक्त है तो भी मद नहीं करता है, पर की निन्दा नहीं करता है, न पर पर खीजता है, न पर की अव-हेलना करता है और न पर का परिवाद करता है। 'गुणप्रेक्षी' जो सबके गुण को ही देखता है पर में तो क्या अन्य बहुत अधिक गुण को धारण करने वाले हैं' इस प्रकार मान गर्वित नहीं होता, गुणाधिकों से नम्रवृति कुशल ऐसे गुणों से युक्त उच्चगोत्र कर्म को बांधता है। इससे विपरीत अरहंतादि की भक्ति से रहित सूत्र, अरोची पदादि का गर्व करने वाला, दोष प्रेक्षी, निन्दक, नम्रता रहित नीच गोत्र को बांधता है।२५।

इयाणिमन्तराइयस्स भन्नइ

अब अन्तराय के प्रत्यय कहे जाते हैं।

२६—वां गाथा सूत्र

पाण-वहाईसु रओ जिण-पूआ-मोक्खमग्गविग्घकरो ।
अज्जेइ अन्तरायं न लहइ जेणिच्छियं लाभं ॥२६॥

व्याख्या—'पाणवहाईसुरओ' त्ति पाणाइ वाएणं जाव महारम्भपरिग्गहेण जुत्तो, 'जिणपूया मोक्खमग्गाविग्घ करो' त्ति जिण पूयाए मोक्खमग्गट्ठियाणं च विग्घ-करो। अहवा साहूणं भत्तपाण उवगरण ओसह भेसजं वा दिज्जमाणं पडिसेहेइ, सव्व सत्ताणमि दाणलाभ भोगोपरि भोग विग्घं करेइ, परस्स विरियमवहरइ, परं गला बन्ध णिरोहाईहिणिच्चेट्ठं करेइ, कण्णणास जीहच्छेदणाईहिं इन्दिय बल णिग्घाय करणेहिं पाण वहाईहिय अज्जेइ अन्तराइयं। ण लहइ जेणच्छियं लाभ' दाण लाभ-भोग-परिभोग-विग्घजणयं बलविरियणिग्घाय करणं च अन्तराइयं कम्मं बन्धई. जेण इच्छियं लाहं न लब्भइ ।।२६।।

—सामान्य-विसेस-पच्चया भणिया—

जो प्राण वध आदि में रत है, जिन पूजा और मोक्ष मार्ग में विघ्न करने वाला है वह अन्तराय कर्म को अर्जन करता है जिससे कि वह इच्छित लाभ को प्राप्त नहीं होता है ।।२६।।

'प्राण वधादि में रत' प्राणातिपात् से अर्थात् यावत् मात्र महारम्भ परिग्रह से युक्त, 'जिन पूजा और मोक्ष मार्ग में विघ्न करने वाला' जिन पूजा में और मोक्ष मार्ग में स्थित धार्मिकों पर विघ्न करने वाला अथवा साधुओं को भक्त, पान, उपकरण–पिछ्छ कमण्डल, शास्त्रादि औषध भैषज वस्तिकादि देते हुए को निषेध करता है सम्पूर्ण जीवों के भी दान, लाभ भोग, परिभोग में विघ्न करता है, दूसरे की शक्ति को नष्ट करता है और दूसरे को गल बन्ध श्वास निरोध आदि से निश्चेष्ट करता है—वह प्राणतिपात आदि से अन्तराय कर्म को बांधता है जिससे इच्छित को नहीं पाता। दान लाभ भोग और परिभोग में विघ्न करना और बल वीर्य का निर्घात करना अन्तराय कर्म को बांधने वाला है। जिससे इच्छित लाभादि को प्राप्त नहीं होता है। इस

—प्रकार सामान्य और विशेष प्रत्यय कहे गये—

इन प्रत्ययों को विशेष प्रकार से जानने के लिये राजवार्तिक, कर्मकाण्ड, तथा सर्वार्थसिद्धि को देखना चाहिए अथवा महाबन्ध प्रथम पुस्तक को पढ़ना चाहिए।

४ बंध-स्थान

इयाणि जेसु ठाणेसु बंधइ त्ति एयं भण्णइ' अब जिन स्थानों में बंध होता है उसी को बतलाते है :—

बंधट्ठाण चउरो तिण्णि य उदयस्स होन्ति ठाणाणि
पंच य उदीरणाए संजोगं अउ परं वोच्छं ।।

बंध स्थान चार हैं, और उदय स्थान तीन हैं और पांच उदीरणा के विषय में स्थान होते हैं इसके आगे संयोग को कहूँगा।

इन पूर्वोक्त स्थानों में से चार बंधस्थानों का कथन करने के लिए सूत्रकार २७ वें गाथा सूत्र को कहते हैं:—

२७ वाँ—गाथा सूत्र

छसु ठाणगेसु सत्तट्ठविहं बन्धन्ति तिसु सत्तविहं
छव्विहमेगो, तिन्नेगबन्धगा ऽबन्धगो एगो ।।२७।।

मिश्र के बिना पहले से ७ सातवें तक छह गुणस्थानों में सात या आठ प्रकार का कर्म बांधते है ३, ८, ९ वे इन तीन गुणस्थानों में आयु के बिना सात प्रकार का एक दशवें गुणस्थान में आयु और मोह के बिना छह प्रकार का बन्ध होता है। ११, १२, १३ वें में जीव १ साता को बांधते है एक १४ वां अबन्धक है बंध नहीं करता है।

व्याख्या—'छसु ठाणगेसु सत्तट्ठविहं बन्धन्ति' त्ति अट्ठ कम्माणि णाणावरणाईणि, छसु ठाणकेसु सत्तविहं अट्ठविहं वा बन्धन्ति, मिच्छादिट्ठी सासण असजय सम्मदिट्ठी संजयासंजय प्रमत्तसंजय अपमत्त संजया य ए एसु छसु ठाणेसु वट्टमाणा आउग बंध कालं मोत्तूण सेसं सव्वकालं सत्तविहं बन्धन्ति, आउग बन्धकाले ते चेव अट्ठविहं बन्धंति, सव्वे आउग बन्धन्ति त्ति काउं। 'तिसु य सत्तविहं' त्ति सम्मामिच्छ-द्दिट्ठी, अपुव्वकरणो, अणियट्टीय, आउगवज्जाओ सत्त कम्मपगडीओ बन्धन्ति। सम्मा-मिच्छद्दिट्ठी तेण भावेण ण मरइ त्ति आउगं ण बन्धन्ति, अपुव्वकरणो अणियट्टी य अच्चन्त विसुद्ध त्ति काउं, 'छव्विहमेगो' त्ति एगो सुहुमरागो आउगमोहवज्जाओ छ कम्मपगडीओ बन्धइ, बायर कसाया भावादो मोहणियं न बन्धइ त्ति। आउगस्स वुत्तं।

'छहस्थानों में सात प्रकार बांधते हैं' अर्थात् जीव ज्ञानावरणादि आठ कर्मों को छहगुणस्थानों में सात विध या आठ प्रकार से बाधते हैं। मिथ्यादृष्टि, सासादन, असंयत सम्यग्दृष्टि, संयतासंयत, प्रमत्त संयत और अप्रमत्तसंयत ये छह हैं इन स्थानों में वर्तमान आयु के बंध काल को छोड़कर शेष सर्वकाल सात प्रकार के कर्म को बांधते है और आयु के बन्ध के काल में वे ही आठ प्रकार का बांधते हैं क्योंकि

ये छहों आयु का बन्ध करते है। 'तीन में सात प्रकार का बंध करते हैं। सम्यग् मिथ्यादृष्टि अपूर्वकरण और अनिवृत्ति गुणस्थान वाले आयु के बिना सात कर्मों की प्रकृतियों को बांधते है। और अपूर्वकरण तथा अनिवृत्तिकरण अत्यंत विशुद्ध है इसलिये आयु को नहीं बांधते हैं 'छह प्रकार का एक' अर्थात् एक सूक्ष्म राग वाला आयु सम्बन्धी और मोह को छोड़कर छह कर्म प्रकृतियों को बांधता है, बादर कषाय वाले मोहनीय को नहीं बांधते आयु के सम्बन्ध में कह दिया गया है।

तिन्नेगविहं (बंधगा)' ति तिण्णि उवसन्त खीण सजोगि केवलि य एगविहं बन्धइ वेयणियं, सेसाणं कसाग्रोदयाभावात् बन्धो णत्थि, सजोगिणो त्ति कांउ वेयणीयस्स बन्धो भवइ। 'अबन्धगो एगो' त्ति अजोगि केवलिस्स जोगा भावाओ बन्धो णत्थि ॥२७॥

'तीन एक विध बन्धक हैं' अर्थात् तीन उपशान्त, क्षीण और सयोग केवली एक प्रकार का वेदनी कर्म बांधते हैं शेष के कषाय के उदय का अभाव होने से बन्ध नहीं है, सयोगी हैं इसलिए वेदनीय का बन्ध होता है। 'एक अबन्धक है' अर्थात् अयोगि केवली के योग का अभाव है अतः बन्ध नहीं है।

इस प्रकार बन्धस्थान समाप्त हुआ।

तीन-उदय-स्थान

इदाणीं उदओ वुच्चइ—अब उदय को कहते हैं।

२८ वां गाथा सूत्र

सत्तट्ठविहच्छ बन्धगावि वेएन्ति अट्ठगं नियमा
एगविहग बन्धगा पुण चत्तारि व सत्त वेएन्ति ॥२०॥

सात आठ और छह कर्मों के बन्धक भी नियम से आठ कर्मों को वेदन करते हैं। और एक विध बन्धक चार या सात कर्म का वेदन करते हैं। वा से अबन्ध का ग्रहण किया है।

पहला आठ कर्म के उदय वाला स्थान है दूसरा सात कर्मों के उदय वाला स्थान है तीसरा चार कर्मों के उदय वाला स्थान है।

व्याख्या—'सत्तट्ठविहछबन्धगावि वेयन्ति अट्ठगं णियमा' त्ति सत्तविह बन्धगा छव्विह बन्धका य सव्वे अट्ठविहं पि कम्मं वेएन्ति कम्हा ? सव्वेवि मोहस्स उदय

वट्टन्ति त्ति' काउं । एगविह बन्धगा पुण चत्तारि य सत्त वेएन्ति त्ति एकविह बन्ध का तिण्णि, तेसु उवसन्त खीणमोहा य सत्त वेएन्ति त्ति कम्हा ? मोहस्स उदयाभावाओ तब्भावपरिणामोत्ति काउं । सजोगि केवली चत्तारि वेएइ, कम्हा ? 'घाइकम्मक्खयाओ केवली जाओ त्ति काउं' । वा शब्दात् अबन्ध काविय चत्तारि वेएन्ति ॥२८॥

'सात आठ और छह के बन्धक भी नियम से आठ को वेदन करते हैं' अर्थात् सात प्रकार बन्धक आठ प्रकार बन्धक और छह प्रकार बन्धक सब आठ प्रकार कर्म को वेदन करते हैं क्यों ? या किस कारण ? क्योंकि वे सब मोह के उदय में वर्तमान हैं । और एक प्रकार के बन्धक चार या सात का बन्धन करते हैं' त्ति एक विह बन्ध का तिन्नि, तेसु उवसन्त खीण मोहा एक प्रकार बन्धक तीन हैं उनमें उपशान्त और क्षीणमोह वाले सात का वेदन करते हैं । किस कारण ? क्योंकि उनके मोह के उदय का अभाव है । 'तद्‌भाव परिणामो त्ति' काउं क्योंकि तद्‌भावः परिणामः' यह गृद्धपिच्छाचार्य का भी वचन है वस्तु का उस पर्याय रूप में परिणत होना परिणाम है इस अपेक्षा वह उदय रूप मोह इनमें नहीं है । सयोग केवली चार का वेदन करता है किस कारण ? क्योंकि घाति कर्म के क्षय से केवली हुआ है । इसलिये । 'वा' या शब्द से अबन्धक भी चार का वेदन करते हैं ।

३ उदय स्थान समाप्त

पांच उदीरणा स्थान

इदाणीं उदीरण त्ति—

अब उदीरणा स्थान बतलाये जाते हैं—

२९—वां गाथा सूत्र

मिच्छद्दिट्ठिप्पभिई अट्ठ उदीरन्ति जा पमत्तो त्ति
अद्धावलिया सेसे तहेव सत्तेवुदीरन्ति ॥२९॥

मिथ्यादृष्टि वगैरह प्रमत्त संयत पर्यन्त आयुकाल की आवलीमात्र शेष रहने तक आठ कर्मों की उदीरणा करते हैं उसी तरह आयु की चरमावली में सात कर्म की ही उदीरणा करता है ।

व्याख्या—'मिच्छद्दिट्ठिप्पभई अट्ठ उदीरन्ति जा पमत्तो' त्ति मिच्छाइ जाव पमत्त संजओ सव्वेवि अट्ठविहं उदीरन्ति, कम्हा ? तप्पाओग्गज्झव साण सहियं ति काउं ।

'मिथ्यादृष्टि आदि आठ की उदीरणा करते है, छठेगुणस्थान तक' अर्थात् मिथ्यादृष्टि से प्रमत्तसंयत तक सब आठ की उदीरणा करते हैं किस कारण ? क्योंकि तत्प्रायोग्य—अर्थात् उस उदीरणा के योग्य अध्यवसान से युक्त हैं।

'अद्धावलिधा सेसे तहेव सत्तेवुदीरन्ति' त्ति अप्पप्पणो आउगद्धाए आवलिमा सेसेसस उदीरेन्ति, कम्हा ? आउगं आवलिया गतं ण उदीरेन्ति त्ति काउं । एत्थ सम्मादिट्ठिस्स आउगस्स आवलियपवेसाभावाओ अट्ठविहा चेव उदीरणा, आउगस्स अन्तोमुहुत्तसेसे सम्मामिच्छत्तं छड्डे इत्ति ।।२९।।

अपनी अपनी आयु के काल में आवलिका मात्र शेष रहने पर सात की ही उदीरणा करते हैं। किस कारण ? क्योंकि वे आयु की चरमावली गत होने पर उदीरणा नहीं करते हैं। यहां इतना विशेष है कि—सम्यग्मिथ्यादृष्टि का आयु की चरमावली में प्रवेश का अभाव है अतः उसके आठ ही की उदीरणा तीसरे में सर्वत्र होती है। क्योंकि आयु के अन्तर—मुहूर्त शेष रहने (के पहले ही) पर सम्यग्-मिथ्यात्व गुणस्थान को जीव छोड़ देता है।

तीसवां ३० गाथा सूत्र

बेयणियाऊवज्जे छकम्म उदीरयन्ति चत्तारि
अद्धावलिया सेसे सुहुमो उदीरेइ पञ्चेव ।।३०।।

चार गुणस्थान वाले वेदनीय और आयु के बिना छह की उदीरणा करते हैं। सूक्ष्म सांपराय गुणस्थान वाला अपने काल में आवलिका मात्र शेष रहने पर पांच की ही उदीरणा करता है।

व्याख्या—'वेयणीयाउग' त्ति वेयणीयं आउगं च मोत्तूणं सेसाणि छकम्माणि ताणि—चत्तारि गुणा—उदीरन्ति, अप्पमत्त अपुव्वकरण अणियट्टि सुहुमरागाय, विसुद्धत्वात् वेयणी आउगाणं उदीरणा णत्थि त्ति, तथा श्रोगज्झवसाणाभावात् 'अद्धा वलिया सेसे सुहुमो उदीरेइ पञ्चेव' त्ति सुहुमसंपराइ गद्धाए आवलिया सेसे तहेव मोहवज्जाणि कम्माणि पञ्च उदीरेन्ति, कम्हा ? मोहणिज्जं आवलिकापविट्ठं ण उदीरेंति त्ति काउं ।।३०।।

(३) ६ की उ० का स्थान	(४) पांच की उदीरणा का स्थान
७ वें से १०	दशवें की चरमावली में मोहवर्जित
वेदया आयुविन्त	११ वे में चरमावली बिना १२ वेमें

